**(WAVES) WiderAssociation for Vedic Studies, Regd.**
(A Multidisciplinary Academic Society)
&
**Sanskrit Dept., Mahatma Gandhi Kashi Vidyapitha,Varanasi**

# 18th India Conference of WAVES

on

## Vedic Philosophical Traditions: Modern Context
## वैदिक दार्शनिक परम्पराएँ : आधुनिक सन्दर्भ

## Abstracts of Papers

Edited by:
**Dr. Shashi Tiwari**
General Secretary, WAVES
&
**Dr. Aparna Dhir**
Joint Secretary, WAVES

**15th (Saturday) to 17th (Monday) November, 2014**

At

**Mahatma Gandhi Kashi Vidyapitha, Varanasi**

Regd Office Waves (India): 54 Saakshara Apartments, A-3 Pashcim Vihar, New Delhi–110063
www.waves-india.com

# 18th India Conference

## Conveners:

**Professor Umarani Tripathi**
Head, Sanskrit Dept.,
M G Kashi Vidyapitha, Varanasi

**Professor Shashi Tiwari**
General Secretary, WAVES &
Former faculty, University of Delhi

## Organizing Committee:

**Prof. Ramkaran Sharma** (Former VC, S Sanskrit University, Varanasi) President, WAVES, Delhi
**Dr. Prithvisha Nag**, Vice Chancellor, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapitha, Varanasi
**Prof. Bhu Dev Sharma** (Former President, WAVES, USA) Renowned Mathematician, NOIDA
Pr**of. Gayaram Pandey**, Former Head, Dept. of Sanskrit, M G Kashi Vidyapitha, Varanasi
**Prof. Ashok Kumar Kalia**, Former VC, SS University, Varanasi &Vice-President, ABSP, Lucknow
**Prof. Krishna Kant Sharma,** Former Head, Dept of Veda, Banaras Hindu University, Varanasi
**Prof. Lallan Prasad** (Former Dean, Delhi University) Vice-President WAVES, NOIDA
**Prof. Shankar Dayal Dwivedi**, Dept. of Sanskrit, University of Allahabad, Allahabad
**Prof. Murali Manohar Pathak**, Head, Dept. of Sanskrit, Deen. Upa. University, Gorakhapur
**Dr. Ashalata Pandey**, Head, Sanskrit Dept., Delhi Public School R K Puram, New Delhi

## Programme Committee:

- **Dr. Aparna Dhir,** Rashtriya Sanskrit Sansthan, Delhi (Reception)
- **Mr. Prem Ballabh Devli,** Sanskrit Dept., Delhi University (Reception)
- **Dr. Dharma,** Lakshmibai College**,** Delhi University (Prizes)
- **Dr. Lalita Kumari Juneja,** Govt.College, Faridabad (Certificate)
- **Ms. Preeti Verma,** Maitreyi College, Delhi University ( Certificate )
- **Mr. Vikas Sharma**, Shri Venkateshwar College, Delhi University (Certificate )
- **Dr. Sukla Mukherjee,** Second Sanskrit Comission, Delhi ( Reception)
- **Dr. Suresha Chandra Chaubey**, Dept of Sanskrit,M G Kashi Vidyapith(Caterer)
- **Dr. Pancha Bahadur**, Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith (Caterer)
- **Prof. Ramamurti Chaturvedi**, Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith (Vedic Invocation)
- **Dr. Upendra Kumar Pandey**, Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith( Vedic Invocation)
- **Prof. Krishnadatta Mishra**, Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith ( Guest House)
- **Mr.Shailesha Pandey & Skanda Maurya**, Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith (Sitting)
- **Dr. Satya Prakash Mishra**, Dept of Sanskrit , Kashi Vidyapith (Sound System)
- **Mr.Manoj Dwivedi,** Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith (Sound System)
- **Dr. Dipak Kumar**, Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith (Banner)
- **Dr. Chandrama Prasad**, Dept of Sanskrit, M G Kashi Vidyapith (Banner)

## Conference-Coordinator:

Prof. Shashi Tiwari, Gen. Secy, WAVES
shashit_98@yahoo.com; 09810690322

***Svagatam & Abhinandam to all Delegates***

***Dr. Prithvish Nag***
***Vice-Chancellor***
*Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith,*
*VARANASI-221002*

Dated: September 17, 2014

# Welcome Message

I feel extremely glad to welcome all scholars, researchers and students coming from the country and abroad to participate in the 18th National seminar titled *'Vaidika Philosophical Traditions : Modern Context'* organized by Wider Association for Vedic Studies (WAVES) during November 15-17, 2014 in the academically vibrant campus of Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith established by the Father of Nation, Mahatma Gandhi, in the world famous holy city of Kashi which is considered as the oldest living city of the world and the cultural capital of India.

Veda is considered the eternal repository of all disciplines of knowledge. Study, contemplation and implementation of Vaidika Philosophy in practical life have become more relevant in modern era. All Vaidika philosophical traditions describe supreme liberation (*Mokṣa-prāpti*) as the ultimate goal of life. The Sāmkhya philosophy deals with the origin-evolution-future of matter and mind in the universe. Yoga philosophy describes the experiential methodology for the union of the individual with the ultimate reality. Nyaya philosophy presents discourse on the ultimate reality in view of logic and epistemology. Similarly, Vaiseṣika philosophy explains the physical structure and categories of the existence. Mīmām□sā philosophy interprets the Vaidika mantras by attempting to explore the exact meaning, and elaborates the important rituals useful for attainment of mundane and supra-mundane objectives. Vedānta philosophy emphasizes the oneness and inter-relatedness of the scattered cosmic entities by accepting them as manifestations of the ultimate reality.

The Vaidika philosophical traditions guide us for maintaining peace and establishing goodwill. The study as well as the implementation of the teachings preached by the traditions is helpful for the solution of complicated problems of the day. I strongly believe that seminar will lead to an intensive dialogue and discussion.

On this auspicious occasion I extend hearty welcome to all participants on behalf of the University and myself.

**Prithvish Nag**
Vice Chancellor
MGKVP & SSVV, Varanasi

# Svāgatam

*Thanks to WAVES's Founder President, Prof. Bhu Dev Sharma Ji and its continuing Secretary General Prof. Shashi Tiwari and other esteemed members of the Board that the WAVES is regularly presenting before us the sacred auspicious eternal waves of the Ganga of our great Vedic tradition representing all universal aspects of our life. This year's theme is philosophical traditions and their impact on us and our society. Our cultural and philosophical traditions in general signify the popular voice of our Vedic tradition.*

*It is quite in the fitness of things that this All India Conference is going to be held at Varanasi, the famous center of learning from centuries. On behalf of the WAVES as well as on my personal behalf, I extend warm welcome to all distinguished scholars attending the conference and send all best wishes for a grand success of the conference.*

**Prof. Ram Karan Sharma**
President, WAVES, India &
Former VC, S Sanskrit University, Varanasi

## Time schedule of sessions – 18th India Conference

**First Day-15 Nov., 2014**

Registration (From .9 00 a.m. onward on venue)
Tea: 10.00 a.m. to 10.30 a.m.
Inaugural Session (Main Hall): 10.30 a.m. to 01.00 p.m.
Lunch: 01.10 p.m. to 02.10 p.m.
Academic Session-I (Main Hall): 02.30 p.m. to 5.30 p.m.
Academic Session (Young Scholars)-II: 02.30 p.m. to 5.30 p.m.

**Second Day -16 Nov., 2014**

Academic Session-III (Main Hall): 10.00 a.m. to 11.30 a.m.
Academic Session-IV: 10.00 a.m. to 11.30 a.m.
Tea: 11.30 a.m. to 11.45 a.m.
Academic Session- V (Plenary) (Main Hall): 11.45 a.m. to 1.20 p.m.
Lunch: 01.20 p.m. to 02.20 p.m.
Academic Session-VI (Main Hall): 02.30 p.m. to 5.30 p.m.
Academic Session (Young Scholars)-VII: 02.30 p.m.to 5.30 p.m.

**Third Day -17 Nov., 2014**

Academic Session (Plenary)-VIII (Main Hall): 10.00 a.m. to 11.30 a.m.
Tea: 11.30 a.m. to 11.45 a.m.
Valedictory Session (Main Hall): 12.
00 a.m. to 02.00 p.m.
Lunch: 02.00 p.m. to 03.00 p.m.

# सम्पादकीय

'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' अर्थात् सम्पूर्ण वेद धर्म का मूल हैं। धर्म के अन्तर्गत सृष्टि और मानव से सम्बद्ध सभी धारक तत्त्वों का समावेश हो जाता है। इस दृष्टि से वेद ही संस्कृति, दर्शन और ज्ञान-विज्ञान का स्रोत सिद्ध होते हैं। भारतीय सांस्कृतिक एवं दार्शनिक परम्परा की जो धारा वेदों से निसृत हुई, वही काल, परिस्थिति और स्थान के अनुरूप अपना रंग-रूप बदलती हुई अद्यावधि प्रवहमान है। आचार्यों, विचारकों और सन्तों ने अपनी अन्तःप्रज्ञा से उसके कलेवर को सजाया, सँवारा या भिन्नतया प्रस्तुत भी किया, किन्तु यह सत्य है कि दार्शनिक चिन्तन की पराकाष्ठा का स्वरूप वेद और वेदान्त से ही निर्मित हो चुका था। ऋग्वेद के कतिपय सूक्त सर्वोच्च दार्शनिक अवधारणाओं के प्रस्तोता हैं तो उपनिषदें उसकी उच्चतम परिणति। उपनिषदें तो ब्रह्मविद्या और अध्यात्म का ही दूसरा नाम हैं।

वैदिक दार्शनिक विचारधारा के विविध पक्षों का विश्लेषण करने के उद्देश्य से 'वाइडर एसोसिएशन फॉर वैदिक स्टडीज़ (वेव्स)' ने अपने अष्टादश भारतसम्मेलन का विषय निर्धारित किया है 'वैदिक दार्शनिक परम्पराएँ :आधुनिक सन्दर्भ'। प्राचीन ज्ञान की प्रासङ्गिकता आज भी यथावत् बनी हुई है इसीलिए आधुनिक सन्दर्भ में उसके विश्लेषण की सार्थकता है। शास्त्र-अध्ययन और विचार-विमर्श से मानवजीवन की कई समस्याओं का समाधान निकलता है और साथ ही जीवन एवं जगत् से जुड़े अनेक गूढ़ रहस्यों का उद्घाटन भी होता है। बौद्धिक जागरूकता ही सम्मेलन को जीवन्त बनाती है। एतदर्थ सम्मेलन में पधारे सभी विद्वान् प्रतिनिधि और विशिष्ट अतिथि हमारे परम अभिनन्दनीय हैं।

वेव्स द्वारा वार्षिक स्तर पर आयोजित होने वाले भारतसम्मेलन प्राचीन भारतीय विद्या के महत्त्वपूर्ण विषयों पर चिन्तन का एक अवसर प्रदान करते हैं। प्राचीन या वैदिक ग्रन्थों पर आधारित राज्य एवं समाज, स्वास्थ्य एवं सुख, मानवीय मूल्य, सृष्टि एवं स्थिति, मानव एवं प्रकृति, नैतिकता एवं शिक्षा आदि विषयों पर परिचर्चा करने के अनन्तर अब इस सम्मेलन में दार्शनिक परम्परा गवेषणीय है। ये सम्मेलन दिल्ली, पुडुचेरी, बेंगलूरु, जयपुर, वृन्दावन, हरिद्वार, लखनऊ आदि में देश की उच्चस्तरीय शैक्षणिक संस्थाओं के साथ संयुक्त रूप से आयोजित हुए हैं। हमारा सौभाग्य है कि वैदिक दर्शन और उसकी परम्परा जैसे गहन और व्यापक विषय पर प्रस्तुत सम्मेलन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित हो रहा है। विश्वनाथ की नगरी वाराणसी संस्कृत विद्या का प्रसिद्ध तीर्थ है। वेव्स की ओर से विद्यापीठ के माननीय कुलपति प्रो. पृथ्वीश नाग, संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. उमारानी त्रिपाठी एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रति अत्यन्त आभार व्यक्त करती हूँ क्योंकि उनके सौजन्य से वेव्स को वाराणसी में सम्मेलन करने का सुअवसर उपलब्ध हो सका है।

स्मारिका के प्रकाशन के समय तक प्राप्त सभी पत्र-वाचकों के पत्र-सारांशों को सम्पादित करके इसमें सम्मिलित किया गया है। प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविश्रुत, संस्कृतज्ञ, परम सम्माननीय, पूर्व कुलपति प्रो. रामकरण शर्मा; प्रसिद्ध प्राच्यविद्याविद्, गणितज्ञ, वेव्स अमेरिका के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. भूदेव शर्मा; उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के यशस्वी कुलपति, वेदनिष्णात प्रो. महावीर अग्रवाल; श्री द्वारकाधीश संस्कृत अकादमी और इण्डोलोजिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, देवभूमि द्वारका के निदेशक प्रो. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी;

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वैदिक दर्शन विभाग के अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध दार्शनिक, वेदमर्मज्ञ प्रो. राजाराम शुक्ला; महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष, विद्वत्वरेण्य प्रो. गया राम पाण्डेय; और रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकत्ता के वेदाचार्य डॉ. भारस्करनाथ भट्टाचार्य की उपस्थिति और व्याख्यानों से इस सम्मेलन को गौरवपूर्ण स्वरूप प्राप्त हो रहा है। आप सबके प्रति हम हृदय से कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

इस त्रिदिवसीय सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिनिधि, सत्राध्यक्ष, संयोजक और आयोजन-समिति के सदस्य हमारे अभिनन्दन एवं धन्यवाद के पात्र हैं। वन्दनीय वैदिक-ऋषि परम्परा को सादर नमन करते हुए यह स्मारिका आप सबको समर्पित है।

**शशि तिवारी**
महासचिव, वेव्स एवं
पूर्वाचार्या, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय

## Svargiya Smt. Kanta Shukla Memorial Award-2014

**Svargiya Smt. Kanta Shukla Memorial Award-2014** will be given to young scholars (age up to age 45) for writing and presenting outstanding research papers in the 18th India Conference.
Prizes will be given in the Valedictory Session of the conferecne.

| **Five Prizes:** | **Committee of Judges:** |
|---|---|
| **First** Prize of Rs. 3000/-<br>**Second** Prize of Rs. 2000/-<br>**Third** Prize of Rs. 1000/-<br>**Encouragement** Prize of Rs. 500/-<br>**Encouragement** Prize of Rs. 500/- | ***Chairman:***<br>**Prof. Bhu Dev Sharma**<br>(Former Prof. of Math, Clark Atlanta University, Atlanta,USA)<br>***Members:***<br>- **Dr. Dharma** ( Ex Faculty, Delhi University)<br>- **Dr. Asha Rani Tripathi (**Ex Faculty, NS Hills University, Shillong ) |

## आधार वक्तव्य का सारांश

# वैदिक दार्शनिक परम्पराएँ : आधुनिक सन्दर्भ

**प्रो. गयाराम पाण्डेय**
पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, म.गा.काशी विद्यापीठ, वाराणसी (उ.प्र.)

विश्व के आदिग्रन्थ ऋग्वेद के सूक्तों में दार्शनिक विचारों के बीज उपलब्ध हैं। इनमें नासदीय, प्रजापति, अदिति और पुरुष सूक्तों के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अथर्ववेद में स्कम्भ और उच्छिष्ट सूक्त में भी दार्शनिक विचारों का प्रतिपादन हुआ है। इस वैदिक चिन्तन का सम्यक् विकास उपनिषदों में हुआ। ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय, छान्दोग्य, बृहदारण्यक, कौशीतकि और श्वेताश्वतर आदि उपनिषदों में दर्शन के गूढ़ रहस्यों का उद्घाटन हुआ है। अध्यात्म-चिन्तन की पराकाष्ठा से प्रभावित होकर पाश्चात्य विद्वानों ने भी उपनिषदों के महत्त्व को स्वीकार किया है। परवर्ती साहित्य विशेषतः भगवद्गीता और पुराणों में वैदिक चिन्तन का उपबृंहण हुआ है।

न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा और वेदान्त वेदों में आस्था रखने के कारण आस्तिक दर्शन माने जाते हैं और इन्हें वैदिक दार्शनिक परम्पराओं के रूप में निरूपित किया जा सकता है। इनमें भी न्याय, वैशेषिक, सांख्य और योग अपने सूत्रकार ऋषियों की विमल प्रज्ञा तथा तर्क पर प्रतिष्ठित हैं और श्रुति का केवल यथावसर समर्थन लेते हैं। मीमांसा का जिज्ञास्य अध्यात्मतत्त्व नहीं, धर्म है। अतः श्रुतिप्रतिपादित ब्रह्म की जिज्ञासा में प्रवृत्त वेदान्त दर्शन ने ही वैदिक दर्शन की परम्परा को विकसित और पुष्ट किया है। वेदान्तदर्शन के तीन प्रस्थान हैं- उपनिषद् (श्रुति), गीता (स्मृति) और ब्रह्मसूत्र (तर्क)। ब्रह्मसूत्रों की रचना बादरायण ने की। उन्होंने उपनिषदों के आपततः विरोधी सन्दर्भों का विरोधपरिहारपूर्वक समन्वय कर एक सुसंगत दर्शन का प्रतिपादन किया । परन्तु उनके व्याख्याकारों में इतना वैमत्य रहा कि वेदान्तदर्शन के अनेक सम्प्रदाय स्थापित हो गये। आज भी इन सम्प्रदायों की परम्परा अविच्छिन है। इनमें शङ्कराचार्य का अद्वैत (केवलाद्वैत या निर्विशेषाद्वैत), रामानुज का विशिष्टाद्वैत, मध्व का द्वैत, निम्बार्क का द्वैताद्वैत और वल्लभाचार्य का शुद्धाद्वैत अधिक प्रसिद्ध हैं।

वैदिक दर्शन की परम्पराओं में आत्मा के स्वरूप, जगत् की उत्पत्ति तथा दु:खनिवृत्ति के आध्यात्मिक उपाय का अनुसंधान किया गया है। न्याय-वैशेषिक दर्शन आत्मा और परमात्मा के रूप में द्विविध आत्मा का प्रतिपादन करते हैं। सांख्य और योग दर्शन में आत्मा का निरूपण पुरुषतत्त्व के रूप में किया गया है। सांख्य की तत्त्वमीमांसा में ईश्वरतत्त्व के लिए स्थान नहीं है, परन्तु योगदर्शन समाधिलाभ के लिए ईश्वरप्रणिधान की उपयोगिता स्वीकार करता है। ईश्वर पुरुषविशेष है, जो क्लेश, कर्मविपाक तथा कर्मसंस्कारों के सम्पर्क से शून्य होता है। जैमिनि के मीमांसा दर्शन में भी ईश्वर के लिए कोई स्थान नहीं है। मीमांसा दर्शन तो सृष्टि और प्रलय की अवधारणा का भी निषेध करता है। उसमें कर्मफल की व्यवस्था तज्जनित अपूर्व के द्वारा होती है। बादरायण के ब्रह्मसूत्रों का जिज्ञास्य विषय ब्रह्म है, अतः ब्रह्म के स्वरूप, जगत्कारणत्व, जीव और जगत् के साथ उसके सम्बन्ध, और मोक्ष के स्वरूप तथा उपाय की गहन मीमांसा वेदान्त के सम्प्रदायों में की गयी है।

समस्त वैदिक दर्शनों का लक्ष्य है-जीवों को दु:ख से मुक्ति का उपाय बताना। न्याय-वैशेषिक, सांख्य-योग तथा अद्वैत वेदान्त का अभिमत है कि तत्त्वसाक्षात्कार से ही आत्यन्तिक तथा ऐकान्तिक दु:ख-निवृत्ति संभव है। वेदान्त के अन्य सम्प्रदाय भक्ति के बिना मोक्ष की सम्भावना नहीं स्वीकार करते।

वैदिक दर्शन की चिन्तन–परम्परा को आधुनिक युग में नूतन आयाम प्राप्त हुए हैं। स्वामी विवेकानन्द, दयानन्द सरस्वती, श्री अरविन्द, डॉ. राधाकृष्णन् प्रभृति मनीषियों ने इसका पुनराख्यान किया है। भौतिक सुख की मृगतृष्णा में संतप्त मानवजाति को मानसिक शान्ति और आध्यात्मिक आनन्द का मार्ग इस परम्परा से प्राप्त हो सकता है, यह निर्विवाद है। वैदिक दर्शनों की तत्त्वमीमांसा के जटिल तर्कजाल की भले ही सर्वसाधारण को आवश्यकता न हो, परन्तु अन्तःकरण की निर्मलता के लिए उनके द्वारा प्रतिपादित उपायों का अवलम्बन कर हम वैयक्तिक एवं सामूहिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। वैदिक सर्वात्मवाद 'वसुधैव कुटुम्बकम्' तथा विश्वशान्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रस्थानबिन्दु बन सकता है।

**----**

**Summary of Keynote**

# Theory of Karma-yoga and Sankhya-yoga

**Prof. Bhu Dev Sharma**

*Former Prof. of Math, Clark Atlanta University, Atlanta, GA, USA*

*Former (Founder) President, World Association for Vedic Studies (WAVES, USA)*

Lord Krishna in chapter fifth of the Bhagavada-Gita explains the importance of devotional work over renunciation of work in the second *shloka* -"The renunciation of work (*Karma-Samnyasa*) and work in devotion or work without attachment (*Karmayoga*) are both good for liberation. But, of the two, work with devotion or work without attachment is better than the renunciation of work." Shri Krishna discusses the theory about the relationship of Karmayoga and Sankhyayoga in the fourth *shloka* of the chapter. "Only the ignorant speak of devotional service [karma-yoga] as being different from the analytical study of the material world [*Sankhya*]. Those who are actually learned say that he who applies himself well to one of these paths achieves the results of both." Swami Prabhupada has explained, 'The aim of the analytical study of material world is to find the soul of existence. The soul of the material world is Visnu or the Super-soul. The Devotional service to the Lord entails service to the Super-soul. One process is to find the root of the tree, and the other is to water the root'. The real student of Sankhya philosophy finds the root of the material world and then, in perfect knowledge engages himself in the service of the Lord. Therefore, in essence there is no difference between the two because the aim of both is the same. So, this gives the impression that Sankhya-yoga and Karma-yoga are tied to each other. They are interdependent even they are opposites. Sankhya Yoga can lead to realization of results of Karma-yoga, and Karma-yoga can lead to the results of Sankhya-yoga.

This is a part of the pack of our great philosophical traditions. It shows that we should correct our approach to life and learning with the help of instructions illustrated in the ancient Indian scriptures. The spiritual world has various dimensions. Processes and theories to reach up to goal may be different but results are almost the same.

I have firm believe that the theme of this conference is very relevant for understanding this unity in diversity of our philosophical thoughts. I congratulate the organizers of the18th India Conference and wish the conference a grand success.

.............

मुख्य वक्तव्य का सारांश

# अद्वैतवेदान्तपरम्परायामपरोक्षानुभूतिस्वरूपमीमांसा

**महामहोपाध्यायः प्रो० जयप्रकाशनारायण द्विवेदी**
निदेशकः, श्री द्वारकाधीश-संस्कृत-अकादमी, एण्ड
इण्डोलॉजिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, द्वारका-३६१३३५,जिला-देवभूमि द्वारका(गुजरात)

निखिलवैदिकदर्शनपरम्परायाम्बहुसंख्यकाचार्यमण्डितवेदान्तशास्त्रेऽद्वैतवेदान्तदर्शनं तामेव महत्ताम्भजते यद् विविधशास्त्रसिद्धान्तकरतलगतामलीकृतानेकविद्यापारावारपारीणशिवावतारभगवत्पादाद्यजगद्गुरुशङ्कराचार्यैरुपलब्धम्महत्त्वम्। भगवत्पादैर्कृतोपनिषद्भाष्यब्रह्मसूत्रभाष्यविवेकचूड़ामणि-श्रीमद्भगवद्गीताभाष्यप्रभृतिषु ग्रन्थेषु लब्धप्रतिष्ठप्रकरणग्रन्थापरोक्षानुभूतेरस्ति महत्त्वपूर्णं स्थानम्। १४४ श्लोकात्मकेऽस्मिन् ज्ञानपिटके गुरुस्वरूपहरिमभिवन्द्यानुबन्धसाधनविवेकशमदममुमुक्षाप्रभृतितत्त्वानां स्वरूपसमीक्षामनु ज्ञानाज्ञानदेहात्मवाद-परिहारात्मशरीरयोर्पार्थक्यविद्येश्वरवर्णनब्रह्मोपादानताश्रुतिप्रमाण-वैशिष्ट्यप्रपञ्चमिथ्यात्वदेहात्मभ्रान्तिज्ञानिनाम् प्रारब्धप्रपञ्चनिवृत्तिविवेचनञ्च कुर्वन्त्यत्राचार्यपादाः।

ततः जीवस्वरूपनिदिध्यासनावश्यकतायमनियमत्यागमौनदेशासनकालमूलबन्धप्राणायामप्रत्याहार-ब्रह्माकारवृत्तिब्रह्मनिष्ठताराजयोगहठयोगराजयोगाधिकाराणाञ्च सविस्तारोपस्थापनङ्कृतमाचार्यैः श्रीशङ्कराचार्यपादैरत्र।

प्रकृतग्रन्थे श्रीमतां शङ्कराचार्याणां समन्वयवादिताव्यवहारिकताब्रह्मजगतोः पारमार्थिकस्वरूपताब्रह्मणः सत्स्वरूपम्प्रतिप्रेरकतासंसारेऽभेदस्थापकतासदाचारसद्व्यवहारनिर्देशकता-निर्लोभतामदमोहकाममत्सरादिवर्जकतौपनिषदिकज्ञानमूलकताकर्मस्वरूपमीमांसैतन्निरूपितनिर्विकल्पक-समाधिजीवन्मुक्तिविदेहमुक्तिस्वरूपताकर्मबन्धनविशीर्णतालोकैतच्छर्वविषयावश्यकताप्रासङ्गिकताश्च दरीदृश्यन्ते।

सम्प्रति संसारे मानवीयजीवनमूल्यानामतीवावश्यकतास्ति सर्वेषाङ्कृते। यदि सर्वत्र शान्तिसौमनस्यप्रेमसत्याहिंसाक्षमाकरुणास्तेयतापवित्रताक्रोधादयः भवेयुः तर्हि विश्वमिदं स्वर्गतुल्यं सुखदम्भविष्यति। ध्यातव्यं यद् इमे गुणाः एव वेदान्ताधिकारिरूपे साधकं स्थापयन्ति। ये वेदान्तस्य सिद्धान्तनिरूपकग्रन्थेषु प्रथमप्रतिज्ञारूपे भवन्ति। एतदतिरिक्तं संसारे आत्माद्वैतसिद्धान्तानुसारमेव पारस्परिकैक्यम्भवितुं शक्यते। एतावतोपर्युक्तवैशिष्ट्यसमन्वितत्वादस्ति महत्वपूर्णं स्थानमद्वैतवेदान्तदर्शन-तत्सम्बद्धप्रकरणग्रन्थापरोक्षानुभूत्योश्च। अतः अध्येतव्यः मननीयः श्रोतव्यश्चायन्तथैव यथा वक्ति श्रुतिः -आत्मा अरे वा श्रोतव्यः द्रष्टव्यः..।।

# Index

(*In alphabetical order*)


**SECTION- 1**

**(Senior Delegates)**

1.Anita, Varanasi
2.Archana Giri, Bareilly
3.Archana Rani Dubey, Delhi
4.Ardhana Vaishya, Bareilly
5.Asha Lata Pandey, Delhi
6.Asha Viswas, Varanasi
7.Asha. R. Tripathi, Lucknow
8.Ashutosh Gupta, Garhwal
9.B.S. Dhruve & H. Ahivar, Sahdol
10. Bharati Sharma, Roorkee
11. Bhaskarnath Bhattacharyya, Kolkata
12. Bhu Dev Sharma, Noida
13. C. L. Prabhakar, Bangalore
14. Chhaya Rani, Gorakhpur
15. Dharma, Delhi
16. Garima Sahu, Bareilly
17. Gaya Ram Pandey, Varanasi
18. J. P.N. Dwivedi, Dwarka,Gujrat
19. Kamla Jain, Delhi
20. Lakshmi Mishra, Gorakhpur
21. Lalita Kumari Juneja, Faridabad
22. Lallan Prasad, Noida
23. Madhu Satyadev, Gorakhpur
24. N. C. Beohar, Jabalpur
25. Nandita Shastri Chaturvedi,Varanasi
26. P.T Suresh Kumar, Kerala
27. Poonam Ghai, Dhampur
28. Rajesh Kumar Mishra,Varanasi
29. Reema Sinha, Roorkee
30. S..Rammohan, Chennai
31. Seema Roy, Roorkee
32. Shakuntala Bora, Gauhati, Assam
33. Shashi Tiwari, Delhi
34. Shwetketu Sharma, Bareilly
35. Soma Basu, Kolkata
36. Suchitra Mitra, Allahabad
37. Sudhir Pathak, Itawa
38. Sukhnandan Singh, Haridwar
39. Sunita Jaiswal, Rampur
40. Sunita Kumari, Roorkee
41. Umarani Tripathi, Varanasi

**SECTION- 2**

**(Young Delegates)**

42. Akansha Singh, Allahabad
43. Akhilesh Tripathi, Delhi
44. Aparna Dhir, Delhi
45. Brahmanand Pathak, Lucknow
46. Gautam Kumar Singh, Varanasi
47. Harsha Kumari, Delhi
48. Kiran Agarwal, Sahdol
49. Lisha C. R., Kerala
50. Manish Tripathi, Allahabad
51. P.S. Santosh, Hyderabad
52. Paran Goswami, Gauhati, Assam
53. Preeti Verma, Delhi
54. Prem Deoli, Delhi
55. Priyanka Arya, Varanasi
56. Rakshita, Delhi
57. Reena Kumari,Delhi
58. Sanu Tiwari, Varanasi
59. Sapna Tiwari, Lucknow
60. Shalini Mishra, Lucknow
61. Subramanian Chidambaran, Mumbai
62. Umesh Kumar Singh, Pantnagar
63. Veloori Raghu Ram, Hyderabad
64. Vijay Kumar Tyagi, Haridwar
65. Vikas Sharma, Delhi

# Section 1 - (Senior Delegates)

## वैदिक दार्शनिक परम्परा में अभिनवगुप्त का प्रभाव : आधुनिक सन्दर्भ

**डॉ. अनीता**

*असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (उ.प्र.)*

विश्व में सर्वत्र व्यापक परम चैतन्य का आभामय शाब्दिक विग्रह है वेद। वह देश तथा काल से अतीत है। वह विश्व मानव का कल्याणधायक ग्रन्थरत्न है। वह व्यवहार का उपदेष्टा है। भारतीय संस्कृति का मूल ज्ञान वेद से ही सम्भव है। उपनिषद् वेदान्त भी कहलाते हैं, क्योंकि उनमें वेदों का अन्तिम धयेय 'ब्रह्म' का निरूपण है। वैदिक दार्शनिक चिन्तन परम्परा को अक्षुण्य रखते हुए कश्मीर शैव दर्शन के अप्रतिम आचार्य थे अभिनवगुप्त। वे प्रतिभा सम्पन्न तथा विविध शास्त्रों के ज्ञाता थे। वे त्रिकशास्त्र पर लिखित सम्पूर्ण वाङ्मय के रहस्य को जानते थे। अभिनवगुप्त ने अपने ग्रन्थ तन्त्रलोक में उद्धत किया है कि रुद्र में सुनिश्चिल भक्ति, मन्त्रसिद्धि, सर्वतत्त्वशित्व, कृत्यसम्पद् (प्रारब्धकार्य निष्पत्ति), कवित्व ये लक्षण क्रमशः उत्पन्न होते हैं। उस साधक को अकस्मात् शास्त्र का ज्ञान हो जाता है- '*रूद्रशक्तिसमाविष्ट इत्यनेनास्य वर्ण्यते....कवित्वं सर्वशास्त्रर्थबोद्धृत्वमिति तत्क्रमात्।।*' (तन्त्रलोक 13.214-215)।

अभिनवगुप्त ने शैवदर्शन, नाट्यशास्त्र तथा काव्यशास्त्र पर विपुल साहित्य का निर्माण किया। उन्होंने आनन्दवर्धन के ध्वन्यालोक की लोचन टीका, नाट्यशास्त्र पर 'अभिनवभारती' नामक महत्त्वपूर्ण व्याख्या की रचना की। इन टीकाओं द्वारा अलङ्कारशास्त्र तथा रसशास्त्र का मौलिक विवेचन प्रस्तुत किया। रसशास्त्र पर इनका सहृदय सामाजिक का वर्णन आधुनिक सन्दर्भ में अत्यन्त प्रासङ्गिक और उपादेय है। प्रस्तुत शोध-पत्र में इसे स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

## वेदों में ब्रह्मविद्या गायत्री की आध्यात्मिकता

**डॉ. अर्चना गिरि**

*एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत, बरेली कॉलेज, बरेली (उ.प्र.)*

वेद भारतीय संस्कृति की आत्मा है। वेद स्तुति और यज्ञपरक कर्मकाण्डों को प्रमुखता से प्रचारित ही नहीं करता है अपितु यज्ञकर्ता के मनमस्तिष्क को पवित्र कर देता है। स्तुति करने वालों को कल्याण के मार्ग पर ले जाता है। नैतिकता और सदाचार को जीवन में अपनाकर मनुष्य विश्वशान्ति और विश्वकल्याण की भावना से जागृत हो जाता है। यही वेद की महिमा है। ऋषियों ने वेद को मन्त्रों के रूप में देखा है। इन्हीं मन्त्रों में गायत्री मन्त्र को ब्रह्मविद्या और वेदमाता की संज्ञा से मण्डित किया गया है। इसकी दार्शनिकता इसी से प्रमाणित है कि सभी वेद, स्मृतिया, पुराण इसकी महिमा का वर्णन करते हैं। 'ब्रह्मविद्या' से तात्पर्य सूर्य की तेजोशक्ति से है जिसे ब्रह्म कहते हैं। वही सविता है, गायत्री है। गायत्री और सूर्य का परस्पर अभेद सम्बन्ध है। गायत्री तीनों सन्ध्या कालों में तीन देवियों के रूप में प्रकट होती है। इसका ऊँकार से प्रारम्भ प्रणव का वाचक है। जिसे परमात्मा की

संज्ञा दी गई है। गायत्री छन्द वेद का ही पर्याय है। इसे त्रिपदा भी कहते हैं जिसकी दार्शनिक व्याख्या सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को समेटे हुये है। गायत्री की उत्पत्ति ऊँकार से हुई है जिससे सविता, फिर सरस्वती, सरस्वती से सभी वेद और वेदों से लोक तथा लोकों से प्राणी उत्पन्न हुये हैं। ऐसा वर्णन गायत्री रहस्योपनिषद् में पाया जाता है। गायत्री का विराट् स्वरूप पुरुषसूक्त जैसा है। गायत्री ऋत है, सत्य है, अटल नियम है, शुद्ध आचरण है। अतः वेद की अपौरूषेयता को परब्रह्म की शक्ति के रूप में संचालित करने वाली वेदमाता गायत्री ही है। आधुनिक सन्दर्भ में नैतिकता और अध्यात्म से यदि जोड़ा जाय तो इसे कोई नवीन कलेवर की प्राप्ति नहीं होगी क्योंकि इसके प्रत्येक वर्णन में आचार की शुद्धता समाई है। इतना अवश्य है कि वर्तमान समय में वेदमाता गायत्री की महिमा सार्वभौम है। जातिभेद से ऊपर उठकर प्रत्येक मानव का कल्याण करने के लिए ही सूर्य की तेज शक्ति के रूप में सम्पूर्ण चराचर जगत् को व्यावृत्त करती हुई प्रतिदिन संसार का कल्याण करने के लिए उदीयमान होती है। इसके सार को समझकर यदि एक जगत्–जननी के रूप में मात्र मानव बनकर इसे सार्वभौमिक बनाया जाय तो नैतिकता और अध्यात्म प्रत्येक प्राणी के जीने का आधार बन जायेगा इसमें कोई सन्देह नहीं है।

## मीमांसापरिभाषा में 'नामधेय'

**डॉ. अर्चना रानी दुबे**

*पोस्ट डॉक्टरल फेलो, विशिष्ट संस्कृताध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली*

'मीमांसापरिभाषा' श्री 'कृष्णयज्व' विरचित मीमांसा–दर्शन का प्रारम्भिक लघुकाय ग्रन्थ है। इस लघुकाय ग्रन्थ में जैमिनी प्रणीत मीमांसा दर्शन के मुख्य प्रतिपाद्य विषयों का निरूपण अत्यन्त सारगर्भित एवं सुबोध शैली में है। मीमांसा दर्शन का लक्ष्य वैदिक कर्मकाण्ड का व्याकरण से सिद्ध प्रकृति–प्रत्यय के विभाग का अवलम्बन कर संगत व्याख्यान करना है। इस प्रकार मीमांसा के वाक्यार्थ के संगत व्याख्यान रूप कार्य के निष्पादन में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। यहाँ विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि यदि मीमांसा उक्त कार्य तक ही अपने को सीमित रखती तो वह वैदिक कर्मकाण्ड की युक्ति–युक्त व्याख्या मात्र के रूप में आज प्रसिद्ध होती किन्तु आज भी वेद, ब्राह्मणादि के तत्त्वार्थ को समझने के अतिरिक्त अन्य शास्त्रों को यथार्थ रूप में समझने के लिए मीमांसा दर्शन का अध्ययन अत्यन्त आवश्यक समझा जाता है। व्याकरण, न्याय, साहित्य, वेदान्त आदि सभी शास्त्रों में जब किसी वाक्य के अर्थ में सन्देह उत्पन्न होता है तो इस शास्त्र के नियमों की शरण लेनी पड़ती है। विशेषकर 'धर्मशास्त्र' अर्थात् हिन्दू–कानून में तो पग–पग पर इसके नियमों की आवश्यकता पड़ती है। वैदिक कर्मकाण्डों के स्वरूप के सन्दर्भ में ब्राह्मण ग्रन्थों में अलग–अलग यज्ञयागादिकों के अलग–अलग वर्णन वर्णित हैं। उन्हें देखकर उत्पन्न सन्देह का परिहार करने तथा उनके परस्पर एकवाक्यता स्थापित करने के लिए 'मीमांसापरिभाषा' की महती भूमिका है। 'मीमांसापरिभाषा' के अन्तर्गत वेद के प्रमुख पांच विभागों – विधि, मन्त्र, नामधेय, निषेध और अर्थवाद की ऊहापोहात्मक चर्चा है। प्रस्तुत शोध–पत्र में इन्हीं में से 'नामधेय' प्रकरण की चर्चा की जाएगी।

## मन और उसकी प्रासंगिकता : शिवसंकल्पसूक्त के सन्दर्भ में

**डॉ. अराधना वैश्य**

मन की कल्पना से ही यह सारा संसार है। मन जैसा चाहता है वैसा होता है। अतः उसे 'सर्वम्' कहा गया है। मनुष्य का मन सबसे अधिक प्रभावी है। उसकी शक्ति अपरिमित है, अतः यह दिव्य है। तीनों कालों में मनुष्य जो कुछ करता है। वह उसके चेतन तथा अवचेतन मन के चिन्तन का परिणाम है। यह मन ही सात ज्ञानेन्द्रियों, प्राणी रूपी पुरोहितों वाला '*प्राण व ऋषयः*' (शतपथ ब्राह्मण 6.1.1) जीवन यज्ञ करवाता है। मन बहुत प्रबल है। मन की सहायता से ही मनुष्य उत्तम कर्मों को करने में समर्थ होता है अर्थात् यह कर्मेन्द्रियों का भी प्रेरक है। ऐसे में मन की गतिविधियों का विश्लेषण, सशक्तिकरण और शिवसंकल्पों से आपूर्ण होने की प्रार्थना करते शुक्लयजुर्वेदसंहिता के 34वें अधयाय में निहित शिवसंकल्पसूक्त के मन्त्र मनोविज्ञान का सार प्रस्तुत करते हैं। प्रत्येक मंत्र में मन के शिवसंकल्प होने की प्रार्थना के आधार पर इस मन्त्रसमूह को शिवसंकल्पसूक्त नाम से अभिहित किया जाता है। इस सूक्त में यज्ञादि शुभ कर्मों का अनुष्ठान करने से पूर्व वैदिक ऋषि ने होता और यजमान दोनों के मन को कल्याणमय संकल्पों से युक्त होने की कामना की है।

यदि मन शुभ संकल्पों से युक्त हो जाता है, तो उसके द्वारा अगम्यतम वस्तु के दर्शन किये जा सकते है और सम्यक् कर्मों में प्रवृत्ति होने से सांसारिक जीवन को भी सुख से व्यतीत किया जा सकता है। मानव शरीर रथ है, इन्द्रियाँ घोड़े है और मन सारथि है। शिवसंकल्पसूक्त में वर्णित है कि जिस प्रकार एक उत्तम सारथि इच्छानुसार और लगाम के द्वारा अश्वों को नियन्त्रित करता है उसी प्रकार मन, शरीर तथा इन्द्रियों को भी नियन्त्रित करता है (शिवसंकल्पसूक्त 6)। यदि आधुनिक दृष्टि से देखा जाय तो आज शिवसंकल्पसूक्त में वर्णित समस्त 6 मन्त्र मानव जीवन का सम्बल हैं। वर्तमान समय में भौतिकवाद का प्राबल्य है, धर्म की अवहेलना हो रही है, अर्थतृष्णा ने मानव को सन्मार्ग से विमुख कर दिया है, काम-वासना दिन प्रतिदिन मर्यादा की सीमा लांघ कर सम्यता और संस्कृति का दहन कर रही है, इसका एक मुख्य कारण मन में कल्याणकारी विचारों तथा धैर्य का अभाव है, क्योंकि मन ही विशेष और सम्यक् ज्ञान का साधक है, अर्थात् इसके द्वारा सामान्य और विशेष ज्ञान उत्पन्न होता है। मन धैर्यस्वरूप और अन्तःकरण में स्थित ज्योतिस्वरूप है। मन के द्वारा ही व्यक्ति कल्याणकारी और अकल्याणकारी कार्यो में प्रवृत्त होता है। मन ही सब मनुष्यों के हृदयों में निहित रहता है। सभी मनुष्य अपने मन को कल्याणकारी संकल्पों में प्रवृत्त कर ले तो सबका कल्याण अवश्य सम्भव है।

## कठोपनिषदि नचिकेतयमयोः संवादस्य आधुनिके महत्त्वम्

**डॉ. आशुतोष गुप्त**

*सहायक-आचार्य, संस्कृत, हे.न.ब.ग.वि.वि., श्रीनगर, गढ़वाल*

भारतीयसंस्कृतेः एका प्रमुखविशेषता वर्तते अटूटचिन्तनपरम्परा। भारतीयमनीषभिः जीवनस्य बहिर्मुखप्रलोभनाकर्षणेभ्यः मनः विहाय अन्तर्मुखप्रवृत्तिषु अवधानं दत्तम्। संसारस्य प्राचीनतमाः ग्रन्थाः वेदाः, तेषां वेदानां रहस्यभूतमुपनिषदिति। उपनिषदः ऋषिणां साक्षादनुभूदानुभवानाम् उद्गाराः। उपनिषत्सु परं सत्यस्य गुह्यतमं ज्ञानं अन्तर्भूतमस्ति। जगतः अन्येषु ज्ञानग्रन्थेषु एतादृशी मीमांसा नोपलभ्यते यथा उपनिषत्सु। उपनिषदो अभयोन्मुक्ततानन्दानां शिक्षां प्रददति। अध्यात्मज्योतिषैव हि सर्वत्र एकत्वानुभूतिः शोकनिवृत्तिः, आनन्दावाप्तिश्च

सम्भाव्यते। आत्मतत्त्वज्ञ एव हर्षशोकादिकं सन्त्यज्य परमानन्दमेति। कठोपनिषदि निर्दिश्यते– '*तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्। अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोको जहाति*।' (कठोपनिषद् 1.2.12)

सर्वेऽपि विषया भोगाश्चेह श्वोभावाः स्मर्यन्ते, ये हि मर्त्यस्य इन्द्रियाणां तेजांसि जरयन्ति। तदेषां भोगार्थं 'सर्वमपि जीवितमल्पं कामास्त्वनल्पाः, नैषु तृप्तिः नापि अन्नतफलाऽवाप्तिश्च, क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति' इति। अत एव न विषयोन्मुखं, जीवनं नश्वरं, सस्यमिवात्र विशिष्यते– '*सस्यमिव मर्त्यः पच्यते सस्यमिवाजायते पुनः*।।' (कठोपनिषद् 1.1.6) अस्मिन् शोधपत्रे नचिकेतयमयोः संवादस्य महत्त्वं साम्प्रतिके युगे कथं विशिष्टतां वहति इत्यस्य विवेचना क्रियते। कठोपनिषदः ज्ञानमेतत् नूनमेव भारतस्य परमगौरवं विश्वस्मिन् अनुपमेव च। अस्याऽनुशीलनेनैव संसारानलशान्तिः, सर्वदुःखनिवृत्तिः, सर्वकामाप्रवृत्तिः, अविद्यान्धतमसोपहतिः, परमसुखावाप्तिः, अभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः, आत्मज्ञानोपलब्धिः, परमानन्दप्राप्तिः, ब्रह्मत्वानुभूतिः, परमधामप्राप्तिश्च नूनमेव भविष्यतीति।

## वेदों में पुनर्जन्म और मोक्ष का सैद्धांतिक विवेचन

**डॉ. बी.एस. धुर्वे**

*से.नि. प्राध्यापक, शा.पं.श.ना.शु. स्नातकोत्तर (स्वशासी), महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)*

एवं

**प्रो. हरदयाल अहिरवार**

*शा.पं.श.ना.शु. स्नातकोत्तर (स्वशासी), महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)*

वेदों में पुनर्जन्म और मोक्ष सम्बन्धी प्रश्न के लिये 'शब्दप्रमाण' का सहारा लेना पड़ता है। ताकि हम अपनी बात को सुदृढ़ एवं मजबूत कर सकें। वेदों में 'अप्रत्यक्ष जगत्' की पहेली का हल निकालने के लिए 'महर्षि दीर्घतमा' का 38वाँ मंत्र एक अमर्त्य तत्त्व का वर्णन करता है। उन्होंने दो तत्त्वों की ओर संकेत किया है। एक 'अमरतत्त्व' तो दूसरा 'मरणशील तत्त्व' दोनों तत्त्वों में से एक को मनुष्य प्रत्यक्ष देख लेता है तो दूसरे को देख नहीं पाता है। मंत्र का इशारा 'आत्मा और शरीर' की ओर है, आत्मा अदृश्य है, सूक्ष्म है जो दिखाई नहीं देती, शरीर दिखाई देता है। शरीर में चैतन्यता का कारण आत्मा है, दोनों परस्पर आश्रित है। शरीर आत्मा का भोगाधिष्ठान करता है। इसी शरीर में आत्मा आकर अपने पूर्वकृत्य कर्मो का भोग भोगना चाहता है, तब वह अनेक प्रपंचो में पड़कर बंधनों में बंध जाता है ।

यजुर्वेद के अनुसार सोने के पात्र से सत्य ढका है । माया जीवात्मा को ढक देती है, इसी कारण पुनर्जन्म होता है। उपनिषद के अनुसार 'आत्मा और परमात्मा' दोनों एक ही है। मोक्ष लोक में ज्योति है, प्रकाश है, सत्य है वहाँ अनूठा आनंद है, दीर्घ सुख है, जिसे पाकर आदमी तृप्त हो जाता है 'अविद्या' का कोहरा छट जाता है। और जब 'अविद्या' ढके रहती है, तो व्यक्ति अंधकार के कोहरे में ढका रहता है। 'माया' सब बाँधकर रखती है, जो 'माया' के जाल से छूट जाता है वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर लेता है। 'आत्मा' का आवरण छटते ही इसका परमात्मा से मिलन हो जाता है । यही आनंद है और यही मोक्ष। बौद्धधर्म में वासनाओं और तृष्णाओं का क्षरण मोक्ष है। जबकि बौद्धदर्शन आत्मा के सम्बन्ध में मौन रहता है । यहॉ मोक्ष का आशय निर्वाण है।

## वैदिक साहित्य में विषय विश्लेषणात्मक विधि एवं संवादात्मक चिन्तन के आयाम

**डॉ. छाया रानी**

*एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत, डी.डी. यू., गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ.प्र.)*

वैदिक साहित्य वाणी पर आश्रित है। समस्त सृष्टि का आधार वाक् तत्त्व अर्थात शब्द ब्रह्म है। व्याकरण 'दर्शन' शब्द को ब्रह्म मानता है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार– '*वाग् वै विश्वकर्मा ऋषिः वाचा हीदं सर्वं कृतम्*' (8.1.2.9)। तरङ्गवत् समस्त संसार में व्याप्त यह वाक् तत्त्व या शब्द शक्ति अनादि, नित्य, अक्षर है। मन के भावों को प्रकट करने के लिये यह सर्वोत्तम साधन है। वाणी को मन की नहर कहा गया है– '*तस्य (मनसः) एषा कुल्या यद् वाक्*' (जैमि. उप. ब्रा. 1.58.3)

वाणी रूपी नहर से मन के विचार एवं संकल्परूपी जल प्रवाहित होता है। वाणी और मन एक युगल है। क्रान्तदर्शी ऋषियों ने भावों को प्रकट करने एवं विषय की स्पष्टता हेतु अनेक विधाओं का प्रयोग किया है। जिन्हें पद्धति, शैली तथा विधि इत्यादि नामों से अभिहित किया जाता है। उक्त संदर्भ में प्रयुक्त विधि कुछ भी हो, वाणी ही मुख्यतः सशक्त माध्यम है, जिनका आश्रयण व्यक्ति के अन्तः भावों को प्रकट करके रूपयुक्त कर देता है। उन्हीं भावों की अभिव्यक्ति हेतु अन्य उपकरण चक्षु, हस्त, पाद एवं प्राण इन्द्रिय इत्यादि भी है तथापि इनसे मात्र संकेत ही किया जा सकता है। स्पष्ट रूप से विचारों की अभिव्यक्ति नहीं। यही वाणी शास्त्रीय भाषा में परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी के नाम से भर्तृहरि ने अपने 'वाक्यपदीय' में '*चत्त्वारि वाक् परिमिता पदानि*' इत्यादि चार पदों में नवीन व्याख्या की है। पूर्व तीन रूप शरीर के अन्दर अव्यक्त रूप में रहते हैं जो देखे नहीं जा सकते। चतुर्थ अवस्था वैखरी है, जो मनुष्य के कण्ठ में स्पष्ट रूप से उच्चरित होती है। परा वाणी का नित्य रूप है जो अक्षय, अनादि तथा अनन्त है। पश्यन्ती वाणी मन में विचारों के उत्पन्न होने की अवस्था है। मध्यमा वाणी विचारों को व्यक्त करने के लिये किया गया प्रयत्न है। ये तीनों अवस्थाएं गुप्त हैं। वाणी द्वारा वर्णों का उच्चारण वैखरी अवस्था है। जिसका संसार में उपयोग होता है।

ऋग्वेद में कहा गया है कि वाक् के सुरक्षित रहने का स्थान विद्वान् है क्योंकि विद्वान् वाक् का उचित प्रयोग एवं अपनी बुद्धि से वाणी को परिष्कृत करता है। विद्वानों द्वारा परिष्कृत यही वाणी 'तुरीय' कहलाती है। भाषाशास्त्रियों ने भाषा को परस्पर विचार-विनिमय हेतु मानव के उच्चारणावयवों से निःसृत भावों के लिए प्रयोग किया है। वे अर्थयुक्त वाणी ही भाषा मानते हैं। यहाँ पर विषय विश्लेषण हेतु अनेक विधाओं का आश्रयण कर विषय विश्लेषणात्मक विधियों एवं संवादात्मक चिन्तन को अध्ययन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।(1) प्रहेलिका विधि, (2) सूत्र विधि, (3) व्युत्पत्ति विधि, (4) कथा एवं आख्यान विधि, (5) दृष्यन्त विधि, (6) समन्वय विधि, (7) आत्मोक्ति विधि, (8) प्रयोजन विधि, (9) प्रतिगमन विधि, (10) व्याख्यात्मक विधि, (11) संवाद विधि, (विविध संवादात्त्मक सूक्त वर्णन) इत्यादि पर चिन्तन अपेक्षित है। वैदिक साहित्य में समस्त विधियाँ संवाद से किसी न किसी रूप में सम्बन्धित हैं। कहीं प्रारम्भ में तो कहीं अन्त में। वैदिक साहित्य में वर्णित विषय विश्लेषणात्मक विधि एवं संवादात्मक चिन्तन आधुनिक संदर्भ में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है।

## नारायणीयम् में प्रतिपादित वैदिक-दर्शन

**डॉ. धर्मा**

*पूर्वाचार्या, लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली*

नारायण भट्टतिरि कृत नारायणीयम् भागवत-पुराण में वर्णित भगवान् की दिव्य लीलाओं का संक्षिप्तातिसंक्षिप्त हृदयावर्जक वर्णन प्रस्तुत करने वाला तथा गहनातिगहन दार्शनिक विषयों का निरूपण करने वाला एक आर्त्त-भक्त के अन्तस्तल से स्वतःनिसृत उदात्त एवं उत्कृष्ट स्तोत्र-काव्य है। वैदिक दार्शनिक परम्पराओं से अनुप्राणित नारायणीयम् में सभी वैदिक दार्शनिक विचारों का समन्वय उपलब्ध है। उपनिषद्-दर्शन की विशिष्ट छाप इसमें स्पष्टतया देखी जा सकती है। भगवद्-गीता की दार्शनिक अवधारणा का सार इसमें समाहित है। लगभग सभी आस्तिक दर्शनों के महत्त्वपूर्ण तत्त्वों को नारायणीयम् में उपयुक्त स्थान मिला है। यह मनोहर दार्शनिक काव्य साम्प्रदायिकता, संकीर्णता, नवविद्वेषिता तथा पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर सत्य को प्रत्येक दृष्टिकोण से देखने का पक्षधर है। नारायणीयम् का सार्वकालिक, सार्वभौमिक, सार्वजनिक एवं व्यावहारिक दर्शन तापत्रय से संत्रस्त, अन्याय एवम् अनाचार में संलग्न, असंख्य आशा-पाशों में निबद्ध, अनवरत चिन्ताओं के चक्रव्यूह में चक्कर काटने में निमग्न, भौतिकता के उत्तुङ्ग शिखर पर आरूढ़ होने को आतुर आज के मानव का दिशा-निर्देश करने में समर्थ है।

## ईशावास्योपनिषद् में दार्शनिक तत्त्व-विमर्श

**डॉ. गरिमा साहू**

*बरेली कालेज, बरेली (उ.प्र.)*

वेदों के पश्चात् आरण्यक ग्रन्थों में जिस आध्यात्मिक जिज्ञासा, मनन, चिन्तन तथा स्वानुभूति की प्रक्रिया का विकास हुआ था, उसी का परिपक्व एवं सुव्यवस्थित रूप उपनिषदों में प्राप्त होता है। वैदिक ज्ञानकाण्ड का उत्कर्ष उपनिषद ग्रन्थों को प्राप्त है। उपनिषदों की श्रृंखला में ईशावास्योपनिषद् अत्यन्त प्राचीन उपनिषद् है। शुक्ल यजुर्वेद की काण्व एवं वाजसनेयी संहिता का चालीसवाँ अध्याय ईशावास्योपनिषद् के नाम से प्रसिद्ध है। 18 मन्त्रों का यह लघुकाय ग्रन्थ आत्मज्ञान का प्रतिपादक है। यह उपनिषद् दार्शनिक तत्त्वों की दृष्टि से सर्वोपरि है।

ईशावास्योपनिषद् में प्रतिपादिक दार्शनिक धारा विविध रूपों में प्रवाहित है। यहॉ प्रत्येक दार्शनिक विषय का अत्यन्त स्पष्ट रूप से विवेचन किया गया है। ईशावास्योपनिषद् के 18 मन्त्रों में अनेक दार्शनिक तत्त्वों के दर्शन होते है। यथा- *ईशावास्यमिदं सर्वः, तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा, मा गृधः कस्य स्विद् धनम्* (ईश 1); *कुर्वन्नेवेह कर्माणि, जिजाविषेच्छतंसमाः, न कर्म लिप्यते नरे* (ईश 2); *असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः* (ईश 3); *विद्यां चाविद्यां* (ईश 11); *तत्र को मोहः कः शोक* (ईश 7); *सम्भूति एवं असम्भूति* इत्यादि। इस उपनिषद् के समग्र अध्ययन का सारभूत सत्य यह है कि ईशावास्योपनिषद् में प्रतिपादिक दार्शनिक तत्त्व ही मानव के जीवनदर्शन का महत्वपूर्ण आधार है। अतः दार्शनिक तत्त्वों को दृष्टिगोचर करना ही शोध-पत्र का विषय है।

## तृच् प्रत्ययान्त मूलक देवों की दार्शनिक मीमांसा

**डॉ. लक्ष्मी मिश्रा (तिवारी)**

*प्राध्यापिका, संस्कृत-विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ.प्र.)*

प्राक वैदिक देवों की विग्रहवत्ता प्राकृतिक दृश्य एवं घटनाओं पर आश्रित है। इन्द्र, अग्नि, सूर्य, वायु, पृथिवी, उषा, पर्जन्य इत्यादि महान एवं ऐश्वर्यशाली देवों के उद्‌भव में प्राकृतिक तत्त्वों की प्रधानता है। कालान्तर में देवों की विग्रहवत्ता के इन स्रोतों में अपेक्षाकृत विस्तार होता गया। प्रस्तुत शोध-पत्र व्याकरणात्मक दृष्टि से एकता वाले कुछ विशिष्ट देवों जैसे -सवितृ, धातृ, त्रातृ, देवनेतृ, त्वष्टृ की दार्शनिक मीमांसा प्रस्तुत की जाएगी।

## वेदों में नारी का सांस्कृतिक तथा दार्शनिक महत्त्व

**डॉ. ललिता कुमारी जुनेजा**

*असोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत-विभाग, राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद (हरियाणा)*

वैदिक साहित्य का अध्ययन करने पर तत्कालीन समाज में चित्रित नारियों का महत्वपूर्ण स्थान दृष्टिगोचर होता है। वर्तमान बदलते परिवेश में आधुनिकीकरण तथा औद्योगीकरण ने जहाँ संसार को अभूतपूर्व वैभव तथा भौतिक सुख प्रदान किया है, वहीं मानव जीवन में चिन्ताजनक अशान्ति, मानसिक तनाव भी उत्पन्न किया है और इससे नाना प्रकार के रोग उत्पन्न होने लगे हैं यथा- अनिद्रा, रक्तचाप, हृदयरोग आदि। यदि समाज को दृढ़, शक्तिशाली, सशक्त बनाना है तथा आज के वैज्ञानिक युग में युवाओं को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना है तो हमें सर्वप्रथम उस सबका मूल 'स्त्री' पर ही ध्यान केन्द्रित करना होगा। स्त्री को आदर देने से तथा उसकी शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता से परिवार स्वस्थ होगा तथा परिवार के स्वस्थ होने से एक स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। कहने का तात्पर्य यह है कि आर्य-संस्कृति के निर्माण एवं संवर्धन में स्त्रियों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज समाज में नारी-स्वतन्त्रता को लेकर इतने विवाद उठते रहते हैं जो चाहे उसकी पोशाक को लेकर हो या उसके व्यवहार, रहन-सहन, आभूषण आदि से सम्बन्धित हों। इस सबको देखते हुए वेदों में नारी की स्थिति का अवलोकन अनिवार्य हो जाता है। स्त्रियों का उन्नत और उदात्त जीवन सर्वप्रथम ऋग्वेद में दृष्टिगोचर होता है। वैदिक काल में उनका गौरवपूर्ण, सम्मानजनक तथा स्वातन्त्रयपूर्ण स्थान है। केवल घर की चार दीवारी में ही नहीं अपितु अध्ययन, अध्यापन, ब्रह्मचर्या, तपस्या तथा गृहस्थाश्रम को भी यथेच्छा स्वीकार करने में स्त्री समर्थ थी। '*नृत्यवत् सानन्दं स्वकर्त्तव्यं या करोति, सा नारी*' खेल-खेल में जो सब दायित्वों को निभाती चली जाती है, वह नारी है। आदर्श महिलाएँ समाज की उन्नति में प्रेरक तथा सहायक होती हैं। नारी की उन्नति से ही राष्ट्र की उन्नति सम्भव है। यदि नारी स्वार्थी तथा बहिर्मुखी हो जाएगी तो समाज पतन के गर्त में गिर जाएगा। इसकी निवृत्ति के लिए वेदों में नारी के सांस्कृतिक तथा दार्शनिक महत्व को जानकर उसके अनुसार आचरण करने की नितान्त जरूरत समाज में है। प्रस्तुत शोध-पत्र में वेदों, उपनिषदों, पुराण तथा धर्मशास्त्र ग्रन्थों में नारी के स्वरूप के विषय में कुछ जानने का प्रयास किया गया है।

## अभिराज राजेन्द्र मिश्र की काव्यकृतियों में सांस्कृतिक एवं दार्शनिक प्रतिविम्बन

**डॉ. मधु सत्यदेव**

*असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ.प्र.)*

कवि स्वाभाविक रूप से दार्शनिक होता है। सांस्कृतिक चेतना भी उसके मन–मस्तिष्क में स्थायी रूप से निवास करती है। अपनी कृतियों में अपने दर्शन तथा मनोभावों को अभिव्यक्त करना उसका उद्देश्य होता है किन्तु उसकी कृति किसी दर्शन की अथवा विचार विशेष की प्रचार–सामग्री न प्रतीत हो इसके प्रति भी कवि सचेत रहता है। इसलिए उसका प्रयास रहता है कि उसकी कृतियों में कलात्मक सौन्दर्य के साथ ही मनोभावों का प्रतिबिम्बन हो। इस मापदण्ड पर संस्कृत के जिस आधुनिक रचनाकार को सफलता के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है वह है 'अभिराज राजेन्द्र मिश्र'।

बाल–मन को सम्बोधित 'वाग्वधूटी' हो अथवा गम्भीर और गहन तत्वाभिनेवेशी दृष्टि के साथ रचित शालभंजिका हो या हविर्धानी तथा मत्तवारणी की गज़ले हों, सबमें श्रवण माधुर्य है। इसके साथ ही उनमें राष्ट्र के प्रति चिन्ता का सजीव प्रतिबिम्बन है, लक्ष्मी के पीछे भागने से विरक्ति और सरस्वती–सेवा में जीवन अर्पण करने की आकांक्षा भी परिलक्षित है। अन्याय और अत्याचार के प्रति संघर्ष के स्वर हैं तथा कुमार्ग पर चलने वाले शासकों पर कटाक्ष भी है। उनकी काव्य कृतियों में आधुनिक मूल्यों का समावेश भी है और भारतीय कविता की सहस्र वर्षों की परम्परा भी बड़े जीवन्त रूप में आलोड़ित है। *'कस्मै देवाय हविषा विधेम्'* उनका प्रशस्ति काव्य है जिसमें उन्होंने व्यक्ति की प्रशस्ति के माध्यम से उन महान व्यक्तित्त्वों द्वारा स्थापित मूल्यों को दर्शाया है। इस कृति में घिसे–पिटे प्रशंसापरक विश्लेषण नहीं है अपितु इसके श्लोकों में विभिन्न महापुरुषों का सम्पूर्ण व्यक्तित्त्व रूपायित हो उठा है। 'पंचकुल्या' के अध्याय संस्कृतशतकम् में उनका संस्कृत प्रेम तथा उसके उत्थान के प्रति चिन्ता का मार्मिक प्रतिबिम्बन हुआ है। 'मधुपर्णी' में तो राष्ट्र–प्रेम भाव, राजनेताओं के आचरण पर कटाक्ष इत्यादि भाव पूरे माधुर्य के साथ पाठक के समक्ष आते हैं।

सरस्वती–कृपा से युक्त अभिराज राजेन्द्र मिश्र की लेखनी ने अभी विश्राम नहीं किया है। उनकी योजना पूरे काव्य–सौन्दर्य के साथ उन विषयों को प्रस्तुत करना है जिन्हें अभी संस्कृत में नहीं प्रस्तुत किया गया है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में उन्हें कोई सन्देह नहीं है और उनकी भावी रचनाओं की प्रतीक्षा करने वाले संस्कृत पाठक भी पूर्णतः आश्वस्त हैं कि उन्हें उत्कृष्ट भावों से युक्त मधुर कविताओं के रसपान का अवसर मिलेगा।

## वेदों में मनोविज्ञान-आधुनिक सन्दर्भ

**डॉ. नन्दिता शास्त्री चतुर्वेदी**

*प्राचार्या, पाणिनि कन्या महाविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.)*

आज जिस प्रकार सम्पूर्ण विश्व में अशान्ति असन्तोष का प्रसार हो रहा है उसको दूर करने का एक मात्र उपाय मानसिक नियन्त्रण है। वेदों ने मानसिक अशान्ति को दूर करने के लिए शिवसंकल्प का पाठ तथा मानसिक शक्ति का विकास बताया है। शिवसंकल्प यजुर्वेद के ३४ वें अध्याय के १ से ६ तक के मन्त्रों का समूह है जिसमें इन मन्त्रों के माध्यम से मनुष्य को शिक्षा दी गई है कि हम पहले मन की शक्ति, मन की गति और उसकी त्वरित तरंगों को समझें। यह वह मन है जो न केवल जागृत अवस्था में अपितु स्वप्नावस्था में भी कार्य करता है। यह संसार की अन्य अनेक ज्योतियों से बढ़कर ज्योति है। यह ऐसी सत्ता है जो कि संसार के प्रत्येक मनुष्य के अन्दर विद्यमान है। यह अमृत है वर्त्तमान, भूत, भविष्यत् तीनों कालों में इसकी अप्रतिहत गति

है। यदि मन न हो तो मनुष्य कोई भी कार्य नहीं कर सकता। संसार का समस्त ज्ञान विज्ञान इसी के अन्दर निहित है। वेद कहा गया है– *'यस्मिन्नृच: साम यजूंषि यस्मिन्प्रतिष्ठिता रथनाभाविवारा:।*

*येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मन: शिवसंकल्पमस्तु ।।'* –यजुर्वेद ३४.५।

ऋक्, साम, यजु आदि चारों वेदों का ज्ञान इसी के केन्द्र में है। इसी के माध्यम से संसार में सम्पूर्ण यज्ञों का विस्तार होता है। सप्त होता रूप आँख, नाक, कान, जिह्वा, वाणी आदि इन्द्रियाँ इसी के माध्यम से समस्त कार्य करती हैं। जिस प्रकार एक उत्तम सारथी वेगवान् इधर उधर भटकने वाले घोड़ों को अपनी कुशलता से वश में कर लेता है ठीक उसी प्रकार इस शरीर में कर्मेन्द्रिय रूपी घोड़ों का उचित दिशानिर्देशक यह मन ही होता है। यह सब कुछ तब संभव है जब कि यह मेरा मन शिवसंकल्प वाला हो, स्थिर एकाग्रचित्त हो। यह भी तभी संभव है, जब हम उस परमसत्ता की आज्ञा में उपासना के माध्यम से अपने आप को अर्पित कर दें। प्राणिमात्र ही नहीं यह प्रकृति भी मेरी माता है। धरती माता, द्युलोक पिता, अन्तरिक्ष भ्राता है, उनके साथ हमारा अपनों जैसा व्यवहार होना चाहिए। ये ही हमारे जीवन हैं। जब ऐसा हमारा शिव संकल्प होगा तब हम इनको प्रदूषणरहित बनाने का प्रयास करेगें और तब धरती आकाश नदियाँ ही नहीं हम भी निष्पाप सुखी सन्तुष्ट प्रसन्न होकर आनन्दित होंगे।

## वैदिक जीवन का दार्शनिक दृष्टिकोण : वर्तमान समाज में उपादेयता

**डॉ. पूनम घई**

*एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर (बिजनौर)*

वेद सृष्टि के संविधान तथा समस्त ज्ञान–विज्ञान के प्राचीनतम स्रोत हैं। विविध विद्या, सम्पूर्ण दर्शन, समस्त शास्त्र तथा समस्त धर्मो के मूल वेद हैं – 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्'। वेद सत्य विद्या है, वेद ज्ञानियों का विषय है तथा वेद सभी मनुष्यों के लिए उपयोगी है। वैदिक आर्यो की संस्कृति यूनानी अथवा रोमन संस्कृति से भी प्राचीन मानी जाती है। किसी भी समाज व जाति की सांस्कृतिक अभिव्यञ्जना तथा उसकी विशेषताएँ ही उसका जीवन–दर्शन होता है। वैदिक जीवन और उसके लक्ष्य के विषय में हमारी दार्शनिक दृष्टि परम्परा से प्राप्त दृष्टि से मौलिक रूप से भिन्न है। जीवन के विषय में हमारी परम्परागत दृष्टि जैसे– संसार और जीवन दु:खमय है अतएव हेय है और इनसे मोक्ष पाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिये। इसके विपरीत वैदिक दृष्टि जैसे – संसार और जीवन का उद्देश्य उत्तरोत्तर विकास है। उत्तरोत्तर विकास का ही नाम अमृतत्व है। यही नि:श्रेयस् है। वैदिक जीवन का दार्शनिक दृष्टिकोण सदैव आशावाद से ओत–प्रोत रहा है। आज के इस भौतिकवादी युग में मनुष्य स्वार्थी हो चुका है। आर्थिक प्रतिस्पर्धा, चरित्रहीनता, कृतघ्नता, मिथ्याप्रलाप, भ्रष्टाचार जैसे बहुत दोष मानवीय समाज में व्याप्त हैं। ये दोष मानवता विरोधी तथा मानव–समाज का विनाश करने वाले हैं। मनुष्य–मनुष्य को देखकर प्रसन्न नहीं है। यही स्थिति राष्ट्रों की भी है। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की उन्नति को देखकर प्रसन्न नहीं है। मनुष्य के जीवन में अत्यधिक असन्तोष व्याप्त हो गया है, जो अवसाद की स्थिति तक पहुँच गया है। प्रस्तुत शोध–पत्र में प्रतिपादित किया गया है कि यदि हम जीवन में उत्तरोत्तर विकास चाहते हैं, समाज का उत्कर्ष चाहते हैं, शान्ति एवं सन्तोष चाहते हैं, तो हमें वेदों में उद्धृत दार्शनिक दृष्टिकोण को आत्मसात् करना होगा तथा मनुर्भव – '*मनुर्भव जनया दैव्यं जनम्*' (ऋग्वेद 10.3.6) को जीवन में अपनाना होगा।

## जनक-याज्ञवल्क्य संवाद का दार्शनिक पक्ष

**डॉ. राजेश कुमार मिश्रा**

*एशोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (उ.प्र.)*

भारतीय दर्शन में आत्मचिन्तन ही सर्वस्व है। यह आत्मचिन्तन वेदोपनिषद् एवं पुराणों में संवाद के रूप में वर्णित है। इस संवाद के क्रम में जनक-याज्ञवल्क्य संवाद अपना प्रमुख स्थान रखता है। यह संवाद बृहदारण्यक उपनिषद् के चतुर्थ अध्याय में विस्तृत रूप में वर्णित है, जिसमें याज्ञवल्क्य ने जनक द्वारा विभिन्न आचार्यों से प्राप्त आत्मविषयक ज्ञान के बारे में प्रश्न किया। इसके उत्तर में जनक ने शिलिन के पुत्र जित्वा, शुल्ब पुत्र उदंक, वृष्ण पुत्र बर्कु, भारद्वाजगोत्रोपन्न गर्दभीविपीत, जबाला के पुत्र सत्यकाम एवं विदग्ध शाकल्य द्वारा क्रमशः वाक्, प्राण, चक्षु, श्रोत्र, मन एवं हृदय को ब्रह्म के रूप में उपदेशित किये जाने की बात कही। इसके पश्चात् याज्ञवल्क्य ने पूछा कि क्या उक्त सभी सर्वथा सुयोग्य आचार्यों द्वारा आयतन एवं प्रतिष्ठा के बारे में भी आपको बताया गया है। जनक ने इसका निषेधात्मक उत्तर देते हुए याज्ञवल्क्य से इसके विषय में जानकारी देने को कहा। इस क्रम में याज्ञवल्क्य उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए आत्मतत्त्व के विषय में उन्हें पूर्ण ज्ञान प्राप्त कराया, जिससे अभिभूत होकर जनक ने अपना सम्पूर्ण राज्य एवं स्वयं को भी उनके चरणों में समर्पित कर दिया। इस प्रकार आज के आधुनिक परिवेश में काम, क्रोध एवं लोभ के वशीभूत हुआ मानव आत्मतत्त्व बोध द्वारा परमतत्त्व का साक्षात्कार करके जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

## वेदों में ऋत की अवधारणा

**डॉ. रीमा सिन्हा**

*अध्यक्ष, इतिहास विभाग, बी.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज, रुड़की*

वैदिक दर्शन में जगत् को सत्य माना गया है। विश्व को पूर्णतः व्यवस्थित कहा है। यह जगत् एक नैतिक शाश्वत व्यवस्था है जो अनादि और अनन्त है। वैदिक ऋषियों के दृष्टिकोण से ऋत सृष्टि का आदि एवं धारक तत्त्व है। ऋग्वेद के दसवें मण्डल का 190वाँ सूक्त 'ऋतसूक्त' है जिसमें सृष्टि-प्रक्रिया का विवरण है। इसी में तपस्या के उपरान्त ऋत और सत्य का आविर्भाव बताया गया है। ऋत का सिद्धान्त ऋग्वेद की मौलिक देन है। जिसका अर्थ है जगत्  की व्यवस्था, इसे प्राकृत नियम भी कहा गया है। सूर्य, चन्द्रमा, तारे, दिन, रात, ऋतुएँ इसी नियम द्वारा संचालित है। महर्षि यास्क ने ऋत का अर्थ उदक, सत्य एवं यज्ञ किया है। (निरुक्त 2.25, 4.19) ग्रिफिथ के अनुसार 'ऋत' शब्द द्वारा विश्व की व्यवस्था एवं उसके विधान का निर्देश किया गया है। इसका अर्थ शाश्वत विधान है। योगीराज अरविन्द ने ऋत को वस्तुतः आचरण का नियम कहा है। डॉ. राधाकृष्णन् ने ऋत को सदाचार का मार्ग तथा बुराईयों से रहित यथार्थ पथ बताया है। ऋग्वेद 9.74.4 में '*ऋतस्य नाभिरमृतं विजायते*' द्वारा ऋत को अमृतत्व-प्राप्ति का माध्यम मानकर इसका महत्त्व स्पष्ट किया गया है। शोध-पत्र में यह स्पष्ट करने का प्रयास है कि ऋत-व्यवस्था में समाहित सभी पदार्थ मानव-जीवन की सफलता हेतु आदर्शतम और श्रेष्ठतम सन्देश-वाहक हैं।

## वैदिक दर्शन का भारतीय परम्परा में आधुनिकीकरण

**डॉ. सीमा राय**

*प्रवक्ता, हिन्दी विभाग, एस.एस.डी.पी.जी., कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रूड़की*

भारतीय संस्कृति को सनातन संस्कृति माना गया है। युग के परिवर्तन के साथ सिद्धान्त नहीं बदलते, किन्तु व्याख्या और उपमान बदल जाते हैं। आज बदलते हुए युग में भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धान्त वही है किन्तु उनके स्वरूप को समझने के लिए हमें प्राचीन रूप का अध्ययन करना आवश्यक है। पाश्चात्य जगत् में भौतिकवादी विचारधारा का प्राधान्य है। भौतिक विचारधारा समस्या का निरूपण तो करती है किन्तु उसका समाधान प्रस्तुत नहीं करती। वेदान्त दर्शन भारतीय दर्शन में ही नहीं बल्कि विश्व की दर्शन पद्धतियों में शिरोमणि है। यो तो रामानुज, निम्बार्क, मध्व एवं वल्लम की दर्शन-पद्धतियाँ भी वेदान्त के ही अन्तर्गत आती हैं। आज प्रायः वेदान्त से शंकराचार्य द्वारा प्रतिपादित वेदान्त का ही आशय ग्रहण किया जाता है। इसका कारण शांकर वेदान्त दर्शन की स्पष्टता, तर्क-सम्मतता, समन्वयता एवं शंकराचार्य की प्राज्जल शैली है। इन्हीं विशेषताओं के कारण वेदान्त दर्शन भारतीय ही नहीं, विदेशी समीक्षकों के द्वारा भी मुक्तकण्ठ से प्रशंसित हुआ है।

दर्शन में जीवन के संबध में एक ऐसी समन्वित दृष्टि मिलती है जो ऐहिक एवं पारलौकिक सुख के निमित्त व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि को प्रस्तुत करती है। निश्चय ही वेदान्त का जीवन-दर्शन आदर्शपरक है, किन्तु वह यथार्थ-व्यवहार से दूर नहीं कहा जा सकता। उसका यथार्थ आदर्श का पूरक है एवं आदर्श यथार्थ का प्रतिफल है। जीवन के सम्बन्ध में वेदान्त की विशुद्ध दृष्टि होते हुए भी, इस दर्शन को जीवन से दूर समझा गया यह आश्चर्य है। भारतीय दर्शन वह अथाह सागर है जिसमें जितना अधिक अवगाहन किया जाए उतने ही अधिक तथ्य रूपी रत्नों की प्रप्ति होती है। शब्द का अर्थ में संकेत व्यक्ति द्वारा होता है अथवा जाति द्वारा यह भाषा विज्ञान के साथ-साथ भारतीय दर्शन की सबसे महत्वपूर्ण और विवादास्पद समस्या है। सभी दर्शन अपने परम्परागत सिद्धान्तों की रक्षा के लिए अन्य मतों की आलोचना करते हुए इस समस्या का समाधान अपने-अपने विचार से करते है।

## भारतीय चिन्तन-परम्परा में वैदिक दर्शन की प्रासङ्गिकता

**डॉ. शशि तिवारी**

*महासचिव, वेव्स, भारत*

वेदों में विधीयमान प्रत्येक विचार में सार्वकालिक चिन्तन को प्रस्तुत करने की अनूठी शक्ति है। वेदों में व्याप्त दार्शनिक विचार न तो परवर्ती दार्शनिक सिद्धान्तों की तरह अधिक जटिल हैं और न अत्यन्त बोधगम्य। मन्त्रों के आलोचनात्मक सूक्ष्म विश्लेषण से वे उद्‌भासित होते हैं; पर इतना सत्य है कि कालान्तर में विकसित दार्शनिक चिन्तन-परम्परा का मूल रूप उनमें देखा जा सकता है। ऋग्वेद के कतिपय सूक्त सर्वोच्च दार्शनिक अवधारणाओं के प्रस्तोता हैं तो उपनिषदें उसकी उच्चतम परिणति। 'वेदान्त' नाम से अभिहित उपनिषदों का मुख्य प्रतिपाद्य दर्शन है। अतः वैदिक दर्शन की प्रासङ्गिकता की चर्चा में उनको छोड़कर केवल वैदिक संहिताएँ ही यहाँ अध्येय हैं।

वैदिक दर्शन के निम्नलिखित मुख्य तथ्य कालान्तर की चिन्तन-परम्परा में अनुस्यूत देखे जाते हैं-

1. बहुत देवताओं की परिकल्पना और एक परम सत्ता में विश्वास।
2. जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण।

3. जीवन का चरम लक्ष्य अमृतत्व और आनन्द।

4. जीवन में यज्ञ रूप कर्म का महत्त्व।

5. आत्मोन्नति और विकास के लिए नैतिक आदर्शों का अनुपालन।

6. जीवन का आधार 'ऋत'।

वैदिक दर्शन के इन प्रमुख सिद्धान्तों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि ये विचार किसी देश या काल की सीमा से परे आज भी सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रासङ्गिक हैं। प्रकृति के साथ तादात्म्य करते हुए देवरूप शक्तियों से हित-सम्पादन की आकांक्षा का महत्त्व आज भी है। उत्तरोत्तर उर्ध्वगति की कामना वैदिक दर्शन की वह भावना है जो समस्त भारतीय चिन्तन-परम्परा का प्राण है।

## महर्षि दयानन्द की वैदिक दार्शनिक परम्पराओं का वैज्ञानिक दार्शनिक चिन्तन

**डॉ. श्वेत केतु शर्मा**

*10/12 केला बाग, सावित्री सदन, बरेली (उ.प्र.)*

'सा प्रथमा संस्कृति' अर्थात् विश्व में वैदिक संस्कृति व वैदिक परम्पराओं का सर्वोच्च स्थान है। सृष्टि के आदिकाल में ऋषियों ने आत्मचिन्तन के द्वारा समाज को प्रतिष्ठित किया। वैदिक संस्कृति ने बाद में अपनी दार्शनिक परम्पराओं के द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग, सम्प्रदाय को, श्रेष्ठ जीवन निर्माण व समाज को संस्कारवान् एवं प्रगतिशील बनाने के लिये प्रभावित किया। महर्षि दयानन्द ने वेदों में निहित उच्चतम नैतिक, आध्यात्मिक मूल्यों, दार्शनिक तत्त्वों, समाजिक हित की दृष्टि से विहित विधानों की विवेचना के रहस्यों का स्वयं भी दर्शन किया तथा इस दिव्य ज्ञान के उदात प्रतिपादन से मानव जाति को लाभान्वित भी कराया। इन दार्शनिक परम्पराओं व तथ्यों का शोधपत्र में विस्तृत चित्रण किया जा रहा है- 1. स्वामी दयानन्द की वर्ण व्यवस्था, 2. षोडश संस्कार, 3. आश्रम व्यवस्था, 4. वैदिक शिक्षा दर्शन, 5. वैदिक सामाजिक व्यवस्था, 6. वैदिक पारवारिक अवधारणा, 7. वैदिक वाङ्मय में दाम्पत्य जीवन, 8. वैदिक दृष्टि में सन्तान का माता पिता के प्रति कर्त्तव्यों की अवधारणा, 9. वैदिक चिन्तन में संयुक्त परिवार की परम्परायें, 10. वेदों में योगविद्या की परम्परायें, 11. वैदिक दृष्टिकोण से सांस्कारिक परम्परायें।

प्रस्तुत शोधआलेख के द्वारा ऋषि दयानन्द के वैदिक दार्शनिक परम्पराओं के वैज्ञानिक व दार्शनिक चिन्तन की व्यवहारिक अवधारणा को स्पष्ट किया जाएगा जो समाज को सुदृढ़ व संस्कारवान् बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत करेगा। ऋषि दयानन्द के 'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका ' नामक ग्रन्थ की सार्वभौमिक आवश्यकता पर बल दिया जाये तो न जाने कितनी सामाजिक विषमताओं को समाप्त करने का व्यवहारिक पक्ष प्राप्त हो सकता है। ऋषि-विचारों द्वारा समाज में जो क्रान्ति दृष्टिगोचर होती है, उसको प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि ऋषि दयानन्द के वैदिक दार्शनिक विचार जीवन को सुव्यवस्थित तथा प्रत्येक लक्ष्य को पाने के लिये उपयोगी है। विकृत समाज को व्यवस्थित करने का दायित्व भी बुद्धिजीवियों पर है। यह विचार बढ़ते मानवीय तनाव को दूर करं, परिवार, समाज व राष्ट्र को जीवन जीने की कला के लिए मार्गदर्शन कर सकते हैं।

## वैदिक दार्शनिक परम्परायें : वर्तमान सन्दर्भ

**डॉ. सुधीर पाठक**
*असि. प्रो., संस्कृत, चौ. चरण सिंह पी.जी. कालेज, हैंवरा-इटावा (उ.प्र.)*

वेद भारतीय ज्ञान के असीम भण्डार हैं एवं निधि भी। इनके ज्ञान से मानव का अलौकिक जीवन आलोकित हो उठता है। यदि संसार के समस्त प्राणी वेद के ज्ञान को एवं उनकी परम्पराओं को अपने जीवन में सन्निहित कर लें, साथ ही साथ ऐसे अभूतपूर्व ज्ञान को सारे समाज में फैलाने अर्थात् प्रसारित करने का कार्य करने लगें तो निश्चय ही वैदिक ज्ञान व उनकी परम्परायें जन-जन को फलीभूत कर सकेंगी। इसमें वैदिक दार्शनिक परम्पराओं के अन्तर्गत-मन, कर्म, ज्ञान, भक्ति, योग एवं विद्या-अविद्या की परम्पराओं का वर्णन विशेष रूप से किया जा रहा है। इसमें मन की एक विचित्र भूमिका है। मन करता कुछ है रमता कहीं और है इसीलिए इसको जानना, समझना और नियंत्रण में रखना दुर्लभ कहा गया है और आवश्यक भी माना गया है, क्योंकि यही बन्धन तथा मुक्ति का हेतु बनता है। इसी के नियमन से मूल मन को जाना जा सकता है। चित्त की वृत्तियाँ पाँच प्रकार की होती हैं- प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति। चित्त की वृत्तियों का निरोध करना योग कहलाता है। योग के आठ नियम हैं। जिनका पालन जो मनुष्य मानवीय जीवन में करता है वह सदैव निर्मलचित्त एवं स्वस्थशरीर होता है। इस शारीरिक साधन से वह बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर लेता है। अपने कृत्य में वह विजयी होता है।

भगवद्गीता में कर्म-परम्परा, ज्ञान, भक्ति-परम्परा का परिपालन पूर्णरूपेण दृष्टिगोचर होता है। साथ ही साथ विद्या-अविद्या की परम्परा का ज्ञान भी कठोपनिषद् जैसे ग्रन्थों से प्राप्त होता है और यही असीम शक्ति को प्रदान करता है। इसका अध्ययन करने पर मानव के ज्ञान-चक्षु अन्तर्ज्योति से जगमगाने लगते हैं और अन्तर्हृदय प्रसन्न हो उठता है, जो इन मन, कर्म, ज्ञान, भक्ति, योग एवं विद्या-अविद्या की परम्परा को जान लेता है और मानवीय जीवन में प्रयुक्त करने लगता है वह सरलता से सफलता की सीढ़ी पर आरोहित हो जाता है।

## श्रीमद्भगवद्गीता एवं इसकी वर्तमान प्रासङ्गिकता

**डॉ. सुखनन्दन सिंह**
*प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संचार विभाग, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार*

श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय अध्यात्म का सार है। अपने शाश्वत संदेश, सार्वभौम दर्शन एवं अपूर्व साहित्यिक सौन्दर्य के आधार पर यह विचारकों, दार्शनिकों, कवियों एवं मनीषियों के बीच लोकप्रिय रही है। जीवन के प्रायोगिक प्रबन्धन के ग्रन्थ के रूप में इसके महत्त्व को समझा जा सकता है। इसके जीवनदर्शन को समझकर, इसके आधार पर एक ठोस एवं प्रभावी जीवन का निर्धारण किया जा सकता है। विशेषकर दिग्भ्रमित युवावर्ग के लिए इसका संदेश संजीवनी का काम करता है। न जाने कितने युवा जीवन के रणक्षेत्र में निराश-हताश होकर अवसादग्रस्त हो जाते हैं और एक कुँठित एवं हारा हुआ जीवन जीने के लिए विवश होते हैं। गीता ज्ञान में कदम दर कदम युवाओं को इस हताशा से उबारकर जीवन के रणक्षेत्र में विजयी होने के स्वर्णिम सूत्र विद्यमान हैं। वर्तमान पत्र इसी का अनावरण करता एक प्रयास है।

# अथर्ववेद में निरूपित आत्मतत्त्व वाचक विविध अभिधानों की दार्शनिक मीमांसा एवं आधुनिक सन्दर्भ

**डॉ. सुनीता जायसवाल**

*विभागाध्यक्ष, संस्कृत, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (यू.पी.)*

इस सम्पूर्ण स्थावर एवं जङ्गम जगत्–सृष्टि प्रपंच के मूल में उसका एक चेतन अधिष्ठाता विद्यमान है, जिसको वेदादि ग्रन्थों में ब्रह्म या आत्मा के नाम से अभिहित किया गया है। ये दोनों नाम एक ही अभिन्न सत्ता के नाम हैं, जो वस्तुतः उसके दो विभिन्न धर्मो एवं गुणों को लक्ष्य करते हैं। जहाँ 'ब्रह्म' शब्द परम सत्ता के लिए प्रयुक्त होता है, वहीं 'आत्मा' शब्द परमात्मा तथा जीवात्मा दोनों के लिए सामान्य रूप से प्रयुक्त किया जाता है। अथर्ववेद में आत्मा को वाक् का पति, शक्ति, मेधा, द्रव्यादि प्रदाता, समस्त ज्ञान का स्रोत, 'देवं मनः' का जन्म स्थान सम्पूर्ण मार्गो का गन्तव्य, भक्ति–उपासना से प्राप्तव्य, मोक्षप्रदाता, ऋत का पालक तथा अनृत को दूर करने वाला, समस्त तेजस्वी पदार्थों को तेज प्रदान करने वाला, सर्वतः पूर्ण, अज्ञान–नाशक, मृत्यु एवं जीवन प्रदाता, अग्नि एवं यम के रूप में दण्ड देने वाला, अतिमहान्, सत्, समस्त कार्यजगत् में विद्यमान्, अजन्मा, अजर एवं अमर कहा गया है। अथर्ववेद में परमसत्ता ब्रह्म या आत्मा के लिए गोपा, स्वराट्, हिरण्यगर्भ, मित्रवरुणा, विश्वेदेवा, द्यावापृथिवी, गन्धर्व, प्रजापति, सविता, विश्वकर्मा, त्वष्टा, धाता, स्कम्भ, विराट्, ज्येष्ठब्रह्म, उच्छिष्ट, प्राण, ओदन, इन्द्र, वाचस्पति, अग्नि, सरस्वती आदि अनेक अभिधानों का प्रयोग परिलक्षित होता है।

आत्मतत्त्व के विविध अभिधानों से ऐसा ज्ञात होता है कि आत्मा विभिन्न संज्ञाओं से अभिहित होते हुए भी मूलरूप में 'आत्मा' के शब्द से ही सर्वज्ञात है। आत्मा के विविध नाम उसके विविध वैशिष्ट्य, गुण, धर्म, प्रबल पहचान एवं प्रामाणिक परिचय को व्यक्त करते हैं। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि परमतत्त्व वस्तुतः एक ही है किन्तु अनेक गुण एवं धर्मों से युक्त होने के कारण ज्ञानी जन उसे विविध अभिधानों से अभिहित करते हैं। जहाँ तक वैदिक दार्शनिकपरम्परा में निहित आत्मतत्त्वसम्बन्धी दार्शनिक सम्प्रत्यय की आधुनिक सन्दर्भों में अवधारणा की उपादेयता एवं प्रासङ्गिकता का प्रश्न हैं? वह आज भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण प्रामाणिक, प्रासाङ्गिक परम्परानुमोदित, महत्त्वपूर्ण एवं उपादेय है जितनी की वैदिक युग में थी। इसकी महत्ता, उपादेयता, आवश्यकता, सार्वकालिक, सार्वदेशिक एवं सार्वभौमिक है क्योंकि आत्मतत्व के बिना व्यक्ति का अस्तित्व सम्भव नही हैं। व्यक्ति आत्म–परिचय (Self Identity) अपनी पहचान, जगत् में अपना स्थान, अपने गुण–धर्म एवं वैशिष्ट्य की सत्ता को सुनिश्चित एवं प्रामाणिक रूप में व्यक्त करने में असक्त एवं असमर्थ होता है। आत्म–परिचय के लिए आत्मतत्त्व की नश्वर शरीर में सत्ता एवं उपस्थिति अनिवार्य एवं अपरिहार्य है अन्यथा मानवशरीर का अस्तित्त्व निस्तेज, निष्प्राण, एवं मृड्मय है। निष्प्राण शरीर अस्तित्वहीन, अस्थायी, क्षणभंगुर एवं नश्वर है जबकि आत्मा, अनश्वर, अछेद्य, अभेद्य, अजर, एवं अमर है।

# वैदिक पर्यावरणीय संपोष्य विकास की दा'ानिक अवधारणा : आधुनिक विम'ा

**डॉ. सुनीता कुमारी**

*अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, बी.एस.एम.पी.जी. कॉलेज, रुड़की*

'वेद' को 'श्रुति' भी कहा जाता है जो अपौरुषेय है तथा अनादि काल से गुरु–शिष्य–परम्परा द्वारा सुरक्षित रहा है। वेद ज्ञान की ऐसी ख्याती है, जिसे द्रष्टा ऋषियों ने साक्षात्कार करके मंत्र रूप में रचा। सृष्टि के समस्त कारक इस वेद ग्रन्थ में संरक्षित एवं संग्रहीत हैं। उसमें संपोष्य विकास (Sustainable Development) के सिद्धांत भी बीज रुप मे सन्निहित हैं । संपो"य विकास एक ऐसा विकास है, जो निर्माणकारी है, विध्वंसात्मक नहीं, जिसमें वर्तमान की आव'यकता की पूर्ति के साथ–साथ भवि"य की पीढ़ी की आव'यकताओं की पूर्ति की जाती है। वेद एवं वेद आधारित वैदिक वाङ्मय का अध्ययन स्रष्टा के सृष्टि का अध्ययन है । इसमें समस्त प्रकृति, पर्यावरण, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश तथा तत् सम्बन्धित देवताओं का बड़ा ही उदात्त और भव्य वर्णन है जो संपोष्य विकास के दा'र्ानिक एवं आध्यात्मिक मंतव्य के आधुनिक विम'र्ा को एक सार्थक आधार प्रदान करता है तथा जो प्रासंगिक होने के साथ–साथ अत्यंत महत्त्वपूर्ण भी है।

वस्तुतः वैदिक युग में पर्यावरण के विभिन्न घटकों तथा उसके स्रोत, धार्मिक महत्त्व, प्राकृतिक संरचना, पारिस्थितिकी तंत्र में उसके महत्व एवं शुद्ध स्वरूप को विकृत करने वाले कारक, उसकी रोकथाम तथा पृथ्वी और प्राकृतिक संसाधनों के पारस्परिक संतुलन पर ही प्राणि मात्र के अस्तित्त्व की निर्भरता का वैज्ञानिक दृष्टिकोण पूर्णतया विकसित हो चुका था। पर्यावरण के प्रति चेतना, जागरूकता एवं संवेदन'ाीलता वैदिक युग से ही प्रारम्भ होने लगी थी। संपोष्य विकास के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान भौतिकवादी, यांत्रिक, कृत्रिमतापूर्ण सभ्यता के दौर में वैदिक पर्यावरणीय चेतना की दा'र्ानिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि अत्यंत उपयोगी मार्गदर्शन कर सकती है।

## वर्तमानपरिदृश्ये पातञ्जलयोगदर्शनस्य प्रासङ्गिकत्वमुपादेयत्वञ्च

**प्रो. उमारानी त्रिपाठी**

*अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (उ.प्र.)*

वैदिकदार्शनिकसम्प्रदायेष्वन्यतमा पातञ्जलयोगदर्शनपरम्परा मानवजीवनस्य परमप्रयोजनभूतस्य पुरुषार्थचतुष्टयस्य संसिद्धौ योगदर्शनस्य महत्त्वपूर्णा भूमिका दृश्यते। प्रायेण सर्वैः दार्शनिकसम्प्रदायविखिः परमतत्त्वाधिगमे योगाङ्गतत्त्वानि साधनात्वेनाङ्गीकृतानि।

योगस्तु चित्तवृतिनिरोध इति निगदितं पातञ्जलयोगे। चित्तवृतीनां निरोधे सति द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थाने भवतीति। स्वरूपेऽवस्थानं समाधिभूमौ सम्भवति। दशेयं सम्प्रज्ञातासम्प्रज्ञातयोगत्वेन द्विधा परिज्ञायते। चित्तवृतिनां निरोधस्तु वैराग्याभ्यासाभ्यामेव भवितुमर्हति। पातञ्जलयोगे योगाभ्यासः अष्टांगसाधनैः प्रतिपादितः। उल्लेखनीयमिदं यद्योगाङ्गभूतानां यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधिसंज्ञकानां साधनानामभ्यासेन न केवलम् आध्यात्मिकं लक्ष्यमधिगम्यते अपितु व्यक्तित्वविकासोऽपि जायते व्यक्तित्वविकासेन समाजनिर्माणः सम्भवति। यमनियमयोरनुपालनेनैव प्रायेण विश्वस्य विविधसमस्यानां समाधानं साकल्येन भवितुं शक्यते। योगाभ्यासस्य योगाङ्गसाधनानां अभ्यासः भौतिकसुखप्रधानयुगेऽस्मिन् कीदृशः उपादेयः अथ च तत् प्रासङ्गिकत्वं कीदृशं वर्तते एतत्सर्वं शोधपत्रेऽस्मिन् प्रस्तोष्यते।

## The Philosophy of Life in Shrimad-bhagavadgita

**Dr. Asha L. Pandey**

*HoD,Sanskrit Department, Delhi Public School, New Delhi*

The *Bhagvad Gita* literally means the song sung by *Bhagavan* (God). Gita comprises of eighteen chapters in the *Bhishma-Parva* of the epic *Mahabharata* and consists of seven hundred verses. The Gita is a narrative dialogue between Pandava prince Arjuna *and* his friend, philosopher, guide and charioteer the Shri Krishna. In the battlefield of Kurukshetra, Arjuna faces his relatives and is confused and indecisive to kill them. It is then that Krishna guides him towards his Dharma and elaborates on Swadharma *(*Gita 3.35), Bhakti (Devotion), Gyana (Knowledge), Karma (Duty) and Yoga. Yoga literally means unification. How the soul (*Atman*) is united with the *Parmatman* is all there in the Gita. Every situation in the Gita fits into the situations faced by any person in his life. *Gita* is all about ethical and moral struggles of the human life. Apart from guidance about God, Maya, Ego, Mind, Soul, Life, Life after death- *Gita* also helps in managing stress that is why many of the corporate offices nowadays practice it.

The word 'Philosophy' means love of knowledge, pursuit of wisdom and systematic investigation and is coined from the Greek term 'Philosophia', i.e. Philo (Loving) + Sophia (knowledge, wisdom).Philosophy' in Sanskrit and Hindi means Darshan (Sanskrit verb root- *drish (too see) +Lyut* suffix) which means 'to see through and understand'. Gita makes us see the real life situations and thus comes across as not only about Krishna's preaching to Arjuna during the Mahabharata war but also about the war within the struggle of self and how a person can come out victorious in these situations, how one can free oneself from the ego, the cause of all our sufferings and sorrows. According to *Gita*, in order to achieve true liberation, it is important to control all mental desires and tendencies to enjoy sense pleasures and this can be achieved by *Abhyasa* (Practice) and *Vairaagya* (Detachment) (*Gita* 6.35). Gita also states that mere knowledge of the scriptures cannot lead to liberation: devotion, meditation and worship are essential. Mahatma Gandhi has referred to Gita as his spiritual dictionary.The simple philosophy of Gita in life is selfless action without any expectations. One should do his duty without any attachment and expectation of rewards (Gita 2.4) and have total faith in God (Gita 18.66).

## Influence of the Upanisads in the Poetry of Krishna Srinivas : A study of 'Fire'

**Prof. Asha Viswas**

*Former Professor of English, B.H.U., Varanasi (U.P.)*

In the present scenario of de-intellectualization, when our native frameworks are replaced by alien frameworks, decolonizing the mind becomes a task. Interaction with other cultures and with other intellectual traditions proves positive and fruitful only when one is rooted in one's own tradition. Unfortunately, the present shape of intellectual scapes is such where we have forgotten our own tradition and "tradition" is regarded as opposed to "modern". Re-intellectualization is needed for regeneration of India.

The Tamil poet Krishna Srinivas [20-6-1913 to14-12-2007] was seriously involved in the great task of cultural reassertion. His epical work *The Five Elements* is a trans-creation of the Upanishadic knowledge. In the third part of his epic Krishna Srinivas talks of 'fire' at three levels-spiritual, universal and human. The five fires- the universe fire, the cloud fire, the earth fire, man fire and woman fire symbolize the concatenation of causes that are behind all creation.

The Chandogya and the Brihadaranyaka Upanishads explain these five fires. The paper concentrates on 'fire' as the triple streams of religion, philosophy and science in Krishna Srinivas's poem where these merge into the harmony of poetic rhythm.

## The Notion of *tapas* in Upanishads and it's Relevance to Modern Society

**Dr. (Mrs.) Asha. R. Tripathi**
*10/ 58, Indira Nagar, Lucknow (U.P.)*

Vedas have provided a unique concept of *Rita* (order or righteousness) which provides us with the standard of morality. It was mandatory for everyone to follow the path of *Rita* as it was considered the *dhritavrata*. The *tapas* was considered as a method of preparing the body for a smooth sail on the path of righteousness. The *rita* became the synonym of sacrificial ceremonies and asceticism which was regarded as the means of attaining various supernatural powers. In Brahmana *Granthas, tapas* was considered as the necessary part of sacrifices. Upanishads were written during the transitional period of ritualistic concepts and advanced speculative thoughts. They brought out the logical solutions of many metaphysical questions and tried to grasp the true nature of the reality. The Upanishadic sages wanted to penetrate deeper into different Vedic concepts and tried to understand their different dimensions. Upanishads examined the subtle nature of *tapas*. They insist on the inwardness of the morality and gave more importance to human conduct. *Tapas* was taken as a means of Self- realization.

*Tapas* is the inner essence of the vital force and is cosmological sequel. It energizes the mind and provokes the high thoughts. It leads to self-renunciation and helps in gaining immortality. In order to perform *tapas* one need not go to the solitude of the forest. It is not a private affair of penance. *Tapas* enables a person to pierce behind the veil and to realize the presence of the divinity in the world of nature and society. In Kathopanishad, the word Nachiketa refers the immortal fire or the fire of the knowledge of reality. It controls all types of creative powers. The power of *tapas* may avert the repeated death. It even controls the superior law of *karma*. It inspires a person to perform good deeds for obtaining good results. It helps a person to realize the reality of this world and to improve the life by doing desired deeds. The realization of the truth comes from within and for that spiritual insight is very much needed. Upanishads consider meditation and contemplation as *tapas*.

Today the people are lost in outwardly physical facts. The performance of sacrifices cannot make a person perfect. *Tapas* is the spiritual worship and not just the external ceremony. Life itself is a sacrifice. The rituals and sacrifice are the preparation of the higher path. *Tapas* teaches a person to offer every action, every feeling and every thought to God. Upanishads have indeed adopted a rational attitude toward the notion of *tapas* and have given it a broader perspective.

## Philosophical Reflections in Western Authors

**Dr. Bharati Sharma**
*Asst. Professor, English, S.S.D.P.C. Girls (PG) College, Roorkee, Haridwar, Uttarakhand*

The term *'darshan'* is derived from its root *'drish'* meaning, 'to look at'. The specific meaning of the term philosophy or *'darshan'* is the attempt to meditate upon and unlock the perennial questions of God, Soul, nature and the secrets of whole life. Since the day of antiquity, Bharata has been visualizing the 'tatva' since early days. We can't neglect the impact of history of *'Bharatiya darshan'* upon European philosophers. The wave of *'Bharatiya Darshan'* is perennially flowing from the distant 'Vedic age'. Being a learner, I got reflections of *'darshan'* in the writings of western authors. Mundaka Upnishad has called *'brahmavidya',* the foundation of all educations. The great English philosopher Bacon also submits the point of view or *'darshan'* that man was created to contemplate divine mysteries and sublime objects.

The great Vedic philosophers glorified the notion of *'Atmatatva'*. William Wordsworth, the great romantic of 19th century, created a myth about himself and built a 'philosophy' of 'living soul' and 'sublime vision'. Next, Wordsworth's intuitive perception of reality seems nearer Patanjali's *Yoga-sutras.* We find the same philosophical notion in the lines by 20th century American poetess Sylvia Plath:

*I smile, a Buddha, all*
*wants, desire*
*Falling from me like rings.*

The words are throbbing with the deep perception and the vision of a philosophical prophet. We, the learners of English Literature get the imprints of *'Vedic'* and *'Bhartiya Chintan'* in Western literature.

## Philosophical Concept of *Kāla* in the Taittirīya-Samhitā

**Dr. Bhaskarnath Bhattacharyya**
*School of Vedic Studies, Rabindra Bharati University, Kolkata (W.B.)*

Vedas, the gravestone of Indian civilization and culture, values and belief, facts and philosophy, rites and rituals, religious conviction and confidence, are the fountain of entire knowledge. If it is taken granted that the Vedas made itself revealed to the seers since 6000 years back before Christian era and those Vedic *mantra*s are still chanted by us today, then who or what is that creature or object which made it intact and integral? Very simple answer of this question is that our tradition made it possible to keep our Vedic custom and convention, constant and continuous. But it is sure that the answer is accurate and acceptable to some extent. Here lies the dilemma of this paper to throw a glimpse of light to understand the role of *Kāla* or time with special reference to the *Taittirīya Samhitā* of Krishna-Yajurveda.

## Philosophical Gleaning in the Yajurveda : *'Paani-Mantram* 'of Rudra

**Dr. C. L. Prabhakar**
*President, Bangalore Chapter of WAVES, Bangalore (Karnataka)*

In Yajurveda's *puja* tradition, there is the *advaita* system adopted. It is considered that our body is couched with all deities at different places on special occasions like doing *parayanas* that of Mahanyasa, Durgasaptasati etc, we utter mantras relevant to fortify ourselves. It is to get

identified with the divinity itself. It is to get immunity and not to get disturbed of our effort and concentration. Yajurveda, known for practical philosophy, becomes a means to realize the goals of Human Birth. Under that practice, *Yajna* is important. Rudra is eulogized greatly in YV. In *Rudrarcana*, the concept is to do the same. Unless one is Rudra he cannot be safe to worship since He is the Fire himself and highly magnetic in influence. It is called *Raudrikarana*. It is said: '*na arudra rudram arcayet'*. Thus one has to shield oneself. In this case the individual is divinized and a sense of *abhedatva* is warranted in that sense. In the Laitasahasranama we see the definition of Devi as *shivasakti eka svarupini* meaning if we want to figure out a form to that form of identity of Shiva and Sakti together a resultant *svarupa* then it is described to be the form of Lalita-Paramesvari only.

In view of this during *puja* the Shivalinga is held in the palm and the relevant mantras are recited after which the linga is installed back at the puja area. There is *Panimantram* which describes the *mahat* of the *pani*, the hand. We come across a few *mantras* where the term *pani*, the palm is referred to. Also we find the mention of *Hasta- mantras* which have the healing power owing to touch. The famous mantra in Rudradhyaya of YV reads thus: '*ayam me hasto bhagavan ayam me bhagavattarah ayam me visvabheshajoyam.*' Here the power and magical touch of the hand is eulogized. The sanctity of the hand is glorified when the Shivalinga is held in the hand for the *puja* and recitation.This paper explains the mantras and the application of them to show that man elevates himself on to the deity and the deity descends to cooperate with the worshipper. This provides benefit to Himself and the *Upasaka*.

## Jaina Vision of Spiritual Growth and Ideal: Their Social and Psychological Roots

**Dr. Kamla Jain**
*Former Prof. of Philosophy, J M C, University of Delhi, New Delhi*

It is generally understood that Jainism stands for very rigorous renunciation and penance as a road to spiritual growth and goal. An attempt is made in this paper to show how social and psychological factors are important in paving the way for achieving the goal of *Moksha,* the goal which all most all the systems of Indian thought from Upanishadic thought to Shramanic thought unanimously agree upon. It can be noted that some of the Jaina ethical concepts such as *Ahimsa, Samata*, *Samyakdarshana, Anekanta, Aparigraha*, four *Tirthas* etc. are essentially based on highly humane social and sublime psychological forces which are really participating factors in spiritual growth and for attaining the ultimate goal. All these need some elaboration and analysis, though within the given limits of time and space.

## Kautilya's Philosophy in Modern Perspective

**Prof. Lallan Prasad**
*Vice-President, WAVES, India & Executive President, Kautilya Foundation,*
*Former Head & Dean Department of Business Economics,University of Delhi*

Arthashastra was written by Kautilya, the visionary philosopher, strategist and economist, in 320 BC. His ideas and concepts are valid and relevant to a large extent even today.A head of

the state in his opinion, should be a person of high moral character, brave, self disciplined and kind to his people. His prime motive should be to promote nation's interest and welfare of his people and not his own or his family- '*praja- hite ca hitam rajyasya*.' His ministry should consist of knowledgeable, loyal, patriotic men of proven ability on whose advise he should run the affairs of the state just as Indra who have thousand ministers – 'sahasrackshu' to rule the heaven.

Kautilya developed a unique *Mandala* concept which consists of twelve types of rulers surrounding the state- immediate neighbors, its friends and enemies, friends and enemies of own state, neutral rulers, with '*jigivishu'* the rule himself in the centre with ambition to expand his kingdom and crush enemies with '*saama, daama, danda* and *bheda.'* Matters relating to the appointment, duties and responsibilities of ambassadors and spies are discussed in great details in Arthastrashastra. Kautilya's economic philosophy rests on the premise that wealth- '*artha'* is the root of happiness, religion- *dharma* and *kaama* come next. He considered poverty as the biggest curse. The ruler should promote a welfare state with good governance. State should collect taxes without harassing the tax payers as the bees collect honey without causing harm to the flowers. Kautilya's view on justice – *'dandaniti'* was much ahead of his time. He asked the ruler not to discriminate between his subjects and his family members when it comes to the administration of the laws of the state.

## Mahatma Gandhi's Views on Cleanliness in Reference to *Yama* of Yoga Philosophy

**Mr. N C Beohar, Advocate,**
*Jabalpur (M.P.)*

Mahatma Gandhi laid utmost stress upon neat and clean way of life. He himself observed all the rules of cleanliness and encouraged every one around him to lead a life of cleanliness. He did not tolerate dirt and unclean surroundings around him. His *ashramas* in Phoienix Soth Africa, Sabarmati in Ahmedabad, and Sevagram in Wardha were examples of frugal and clean way of living. There were not too many articles of daily living. His worldly possessions were few and inexpensive. But all of them were kept in tidy manner and method. He had a few clothes. But they were neat and clean. No wonder that his companions followed suit.

Mahatma Gandhi was never a great Vedic scholar but had a workable command over the Sanskrit language and literature. He was a great admirer of the Ishopanishad. He had learnt from the four Vedas that one must inculcate neat and clean methods and means in thought and deeds. The four Vedas have expounded cardinal principles of *satvik* way of life. Shrimad-bhagwat-Gita has also propounded the same philosophical tenets of the four Vedas for an exemplary spiritual way of life. Ghandhi ji came to the conclusion that cleanliness brought one nearest to god.He called upon his fellow countrymen in South Africa to lead a neat and clean life style. He told them that the white administration and the white populace in South Africa detested the dirty habits of the British Indians and according to him it was this reason why they had marooned them in the distant locations in the out -skirts of Durban and Johannesburg. Let us follow his example in our lives.

## Environmental Relevance of Bhagavad-Gita

**Dr. P.T Suresh Kumar**
*Govt. Sanskrit College, Tripunithura, Ernakulam, Kerala*

The holy text Bhagavad-Gita belongs to Bishma Parava of Mahabharatha. It contains 18 chapters including 700 verses .The text contains various guidelines for both spiritual and material life. Many scientist, philosophers, seekers of knowledge and truth followed Gita to practice their mission and also to fulfill and attain their life mission. Various aspects in Gita includes ethical, spiritual, moral, and devotional, philosophical, environmental and so on. In Gita detailed and systematic picture of environmental mechanism are explained. Due to large level industrialization, developmental activities deforestation, heavy chemical fertilization, use of highly poisonous pesticides, use of electrical and electronical items etc. and environment atmosphere are highly polluted. The existence of human being and other living creates in the earth is quite suspicious in the immediate future. The various types of environmental hazards are: air pollution, water pollution and so on. . The present society is not so environmental conscious. The environmental scientist and other experts are warning about the future environmental hazards.

The various guidelines in Gita are much helpful in understanding the importance of our environment. Gita teachers the philosophy of environment in association with spiritual philosophies.This paper is an earnest attempt to reveal the philosophy of environmental aspect in Gita in the modern context of large level environmental pollution.

## Mystery of Consciousness, as Delineated in Shakta and Vedanta Traditions

**Dr. S. Ram Mohan**
*Editor, Muntain Path &*
*Co-Director, Saraswati –Sindhu Research centre, Chennai*

Vedanta posits a deceptively simple, yet a deep question – What are we? In deepest, most profound depths of our being? We declare ‘Of being myself’. What do we signify by this? Modern philosophy calls it “Qualia” Nuero Science is unable to decipher the vivid living conscious experiences one has all the time. The ‘Hard’ problem of the consciousness studies from the materialistic angle is that it cannot be captured by a process like “firing of neurons”. Vedanta starts with the question of consciousness – the inner experience of thinking, hearing, seeing etc., which is eloquently posed in the very first verse of Kena Upanishad – What is that shining within us which facilitates all these? The answer is that it is pure consciousness-Chit, which illumines all our functions.In fact it is the essence of all the functions. It is not an experience, yet all experiences shine in Chit.

This paper presents the fact that Consciousness – delineation is dealt with exhaustively and lucidly not only in Vedantic texts like Upanishads but also in Shakta- Tantra texts like Tripura Rahasiyam which deals with the nature of all consciousness and the ultimate realty as well as the liberation of the individual from the ligatures that bind him to the phenomena. These Shakta and Shaivatie texts in their *jnanakanda* give a logical exposition of transcendental consciousness. Though there are some differences between the philosophy of the non-dual Self delineated in the Advaita School by Master like Gaudapada and Shankara, the end to be achieved, viz., the ending of bondage through Realization of pure consciousness or the Self is the

same. The *jnanakanda* of Tripura Rahasiyam – a very important work of the Sri Vidya School of Shakta Tantra gives a very lucid exposition of pure Consciousness and ultimate liberation, presented against the back drop of several stories. This paper attempts to present an epitome of the delineation of Consciousness in texts like Tripura Rahasiyam.

## Upanisadic Philosophy on Education

**Dr. Shakuntala Bora**
*Asso. Prof., Dept. of Philosophy, University of Gauhati, Assam*

The Upanishads do not contain explicitly theories regarding education. And yet, they are concerned with education. If we look into the Upanishads to distinguish any philosophy of education, it certainly is not bereft of it. The *shantipatha* of Katha Upanishad brings forth many things to the fore front regarding education in the Upanishads: first, it tells that education is not just about the student leaning alone but it is about learning of both teacher and student; the prayer is to 'illumine' both. Second, there is prayer for maintaining harmonious relationship of teacher and student; the relationship between teacher and student is of importance in education. Third, education is not one sided; both teacher and student have to work together.

There is a purpose of Upanishadic teaching. Keeping in mind its goal, the teaching begins. It is definitely concerned with spiritual knowledge, the *para jnana,* and teachers as in Mundaka and Chandogya make it clear at the beginning that that is what they are going to instruct the student about. Depending on the enquiry one is embarking upon, the method of teaching and learning changes. The Upanishads also refer to the kind of qualities expected from the teacher and also student entering a particular discipline as we find in Katha and Kena. The Upanishads seem to be of the view that the role of a teacher is more of a guide; the rest, that is, true learning ultimately depends on the student. My paper will try to enquire into the philosophy of education of the Upanishads and whether aspects of this philosophy can render its service today.

## A Philosophical Insight into the Fire Tradition of the Rigveda

**Dr. Mrs. Soma Basu**
*Asso. Prof.,School of Vedic Studies, Rabindra Bharati University, Kolkata (W.B.)*

Maxmuller once said**,** "The more we go back, the more we examine the earliest germs of any religion; the purer I believe we shall find the conceptions of the Deity". The understanding of the basic concepts of Vedic religion is a reality which was realized never before. There is little doubt that the ancient Indians had a high realization of natural phenomena. Deities worshipped and praised in the Rigveda are, apart from anything else, personifications of various natural phenomena. Agni is one of the principal deities of the Rigveda who has been described as that divinity which has kept itself continuously important throughout the history of Brahminism. The subject of heat comes in the category of basic concepts of Vedic religion. To Vedic people, the presence or absence of heat in several situations, if not in all situations, was a matter of the most profound significance. The sun seems to us to be the most obvious source of heat, and indeed the sun appears in this role in the Rigveda. The sun has several names in Vedas..Heaven and Earth

are special recipients of the sun's heat. This heat of the sun in its various phases is an important part of cosmic heat. Among the ecological aspects of fire, we find the manifestations of Agni in heaven as the Sun, in the firmament as lightning, and on earth as sacrificial and domestic fire. (Griffith on RV 4.1.7).Agni is sometimes compared to the Sun. It has been said the Sun and Agni are the same as all the other forms (Wilson, Rigveda, vol. 2., P. 143). Ait.Br. (8.28) says that on setting the sun enters into Agni and in RV 7.2.1 (…Agni…touch the celestial summits with thy columns, and overspread thee with the rays of Sūrya - Griffith) we see that Agni unites with the Sun. Keith observes that, "But this side of the nature of Agni is little referred to: the sun was too great and prominent a deity to be treated merely as a form of Agni". In only one passage is the sun addressed as 'Sura,' but this might possibly be an epithet of Agni. (RV. 5. 79. 9).

Agni has been depicted with superb importance in Vedic stanzas. Of all natural phenomena it has played the most effective role in shaping the thought process of the Vedic Aryans. An attempt has been done in this paper to trace the tradition revolving around the mystic Agni which also appears as an abstract, philosophical entity through which the world evolved. The Vedic Aryans attained a transcendental stage no doubt; first they observed natural phenomena very keenly and later on conceptualized divinity among particular deity.

## Aesthetic Sense in Vedic Hymns

**Dr. Suchitra Mitra**

*Asso. Prof., Dept. of Sanskrit, Allahabad University, Allahabad*

Imagination is of supreme importance in the process of creation of poetry. Either in art, poetry or music the artist tries to reveal the supernatural feelings through their creation. Hindu tradition always attributes a divine origin to all the sciences and arts. In Vedic period the beauty and benignity of nature are highly observed by the Vedic visionaries. Vedic Rishis by their inner power they chanted mantras thinking about the eternal physical and moral laws working in the universe under the supervision of god, as it is said in RV. X/121/2 and RV X/85/1. By eternal law have the world entered the Universal order. The holy Vedas teach us that the man who lives according to moral eternal law, the earth is full of sweetness and he seeks to make a heaven on the earth. In Rigveda we are asked to pray- "For one who lives according to the eternal law the minds are full of sweetness, the river pour sweets, so many plants be full of sweetness for us."

The expressions of Vedic Rishis are so spontaneous that the supernatural powers of celestial world are very vividly explained in their hymns. Although the Gods are not visible actually, yet the physical phenomena of the Gods are always being present to the minds of the poet. Vedic visionaries always worshipped Gods who are largely personifications of the power of nature. For instance Ushas is prayed like a dancer clothed in light, she appears in the east and unveils her charms. Vedic Rishis can be said as very good artists; because they can easily composed the hymns depicting all the sentiments in them means *Rasa* and *Bhava*. Coming to music, the three basic notes of Vedic chanting *Udatta, Anudatta* and *Svarita* are the fundamental notes of Indian music.

# Section 2- (Young Delegates)

## वैदिकवाङ्मय में माया का स्वरूप : वर्तमान में प्रासङ्गिकता

**कु. आकाँक्षा सिंह**

*शोध-छात्रा, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद (उ.प्र.)*

वैदिक वाङ्मय में 'माया' शब्द विभिन्न अर्थों में तथा अनेकशः प्रयुक्त हुआ है। ऋग्वेद में ही 'माया' शब्द का विभिन्न रूपों एवं विभक्तियों में 102 बार प्रयोग हुआ है। वहाँ अनेक मन्त्रों में 'माया' शब्द प्रज्ञा या बुद्धि के अर्थ में, कतिपय स्थलों पर शक्ति और कपट अर्थों में प्रयुक्त है, कुत्रचित् 'आसुरीमाया', तो कहीं पर यही माया 'कर्म' का द्योतक है। माया का इन्हीं अर्थों में प्रयोग शुक्ल यजुर्वेद में भी प्राप्त होता है। अथर्ववेद में यही माया इन्द्रजाल और अभिचार अर्थों की द्योतक है। ऐतरेय ब्राह्मण में भी अद्भुत और ऐन्द्रजालिक चातुरी के अर्थ में 'माया' शब्द का प्रयोग है। तैतिरीयब्राह्मण दैवीयशक्ति और शतपथ ब्राह्मण अद्भुत शक्ति के अर्थ में 'माया' शब्द का प्रयोग करता है। छान्दोग्योपनिषद् में अपरा और परा को क्रमशः अविद्या माया और विद्या माया के नाम से सम्बोधित किया गया है। श्वेताश्वतरोपनिषद् में विनाशशील जडवर्ग अविद्या माया और जीव समुदाय विद्या माया के रूप में उल्लिखित हुए हैं। जबकि बृहदारण्यकोपनिषद् यह सचेत करता है कि इस संसार का नानात्व मिथ्या है और वह अज्ञान के कारण ही प्रतिभासित होता है। एक मात्र ईश्वर की सत्यता है। जो व्यक्ति जगत में नाना रूपों को देखता है, वह मृत्यु को प्राप्त होता है– '*मनसैवानुद्रष्टव्यं नेह नानास्ति किंचन। मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति।।*' (बृहदारण्यकोपनिषद् 4.4.1)

इस प्रकार माया के विभिन्न स्वरूपों को बतलाते हुए वैदिक वाङ्मय सामान्य जनमानस को माया के प्रति सचेत करते हुए ईश्वर की शाश्वत सत्ता पर दृढ़ विश्वास के लिए प्रेरित करता है। माया के प्रभाव में आकर मनुष्य मृत्यु को प्राप्त करता है और जन्ममरण के चक्र में घूमता रहता है और मानवजीवन के परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति से वंचित रह जाता है।

## औपनिषदिक दर्शन में काव्यशास्त्रीय सन्दर्भ

**श्री अखिलेश कुमार त्रिपाठी**

*शोध-छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली*

मोक्ष, जन्म–मरण अथवा संसार के बन्धन अथवा अज्ञान का उच्छेद करने वाली विद्या का नाम उपनिषद् है। उपनिषदों में यद्यपि प्रभुसम्मित वाक्यों की प्रधानता है, पर देखा जाए तो कान्तासम्मित वाक्यों की भी कमी नहीं है। वेद ही नहीं अपितु सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ईश्वर का काव्य है। ऐसी स्थिति में ईश्वर और उसकी सृष्टि के गूढ रहस्य का प्रकाशन करने वाले उपनिषद् काव्यत्त्व से शून्य कैसे रह सकते हैं। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त से स्पष्ट विदित होता है कि दर्शन और काव्य का संगम विशिष्ट है। काव्य और दर्शन कल्पना की भूमि पर पनपते हैं। उपनिषदों में प्रकृति–काव्य सहज काव्य है प्रेम काव्य नहीं । अतः इनमें काव्य का सत्य और शिव पक्ष ही प्रबल है। उपनिषदों में प्रकृति तथा मानसिक प्रदेश के उदात्त रूप और लोकोत्तर जगत का सुन्दर और विशद वर्णन है,

जो इन्हें अनायास ही काव्य की कोटि में सम्मिलित करता है। अतः वेदों और उपनिषदों के अन्य पक्षों के साथ काव्य के रूप में इनका अध्ययन इनमें निहित विचारों की पूर्णतः अधिगति के लिए नितान्त आवश्यक है।

## तैत्तिरीय ब्राह्मण में वर्णित सृष्टि-विषयक दार्शनिक आख्यान

**डॉ. अपर्णा धीर**

*परामर्शदाता, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली एवं संयुक्त सचिव, वेव्स*

जगत् की सृष्टि का मुख्य कारण जानना ही भारतीय दर्शन का मुख्य प्रयोजन है और समस्त दार्शनिक चिन्तन-परम्परा का मूल वेद है। वैदिक मन्त्रों में प्रायः परब्रह्म, परमपुरुष, अक्षर, हिरण्यगर्भ अथवा प्रजापति जैसे शब्दों को सृष्टि-प्रक्रिया के मूल तत्त्व के रूप में अभिव्यक्त किया गया है। प्रस्तुत शोध-पत्र में कृष्ण-यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से सम्बद्ध तैत्तिरीय ब्राह्मण में वर्णित सृष्टि-विषयक दार्शनिक आख्यानों की चर्चा की जायेगी।

तैत्तिरीय ब्राह्मण में प्राप्त सृष्टि-विषयक आख्यानों में सृष्टि की उत्पत्ति में जल तत्त्व और अग्नि तत्त्व का प्राधान्य देखा गया है। इन सृष्टि-विषयक सन्दर्भों में तप और श्रम को सृष्टि के मुख्य कारण कहा गया हैं। सृष्टि-काल में तप और श्रम हेतु मन की भूमिका तैत्तिरीय ब्राह्मण '*असतोऽधि मनोऽसृज्यत। मनः प्रजापतिमसृजत। प्रजापतिः प्रजा असृजत। तद्वा इदं मनस्येव परमं प्रतिष्ठितम्*' (2.2.9.10.) में दर्शायी गई है। इस प्रकार तैत्तिरीय ब्राह्मण के सृष्टि-विषयक वाक्यों में कथित अग्नि, जल, तप, श्रम एवं मन रूपी तत्त्व वैदिक ऋषि की दार्शनिक अवधारणाओं के द्योतक हैं। कह सकते हैं कि तैत्तिरीय ब्राह्मण में वर्णित अग्नि, जल, तप, श्रम एवं मन रूपी तत्त्वों की ही परवर्ती दर्शनशास्त्र में चर्चित 25 तत्त्वों के अन्तर्गत मूल भूमिका रही है। ऋग्वेद के नासदीयसूक्त का व्याख्यान इस ब्राह्मण में कुछ इस प्रकार प्राप्त होता है- '*इदं वा अग्रे नैव किंचनाऽऽसीत्। न द्यौरासीत्। न पृथिवी। नान्तरिक्षम्। तदसदेव सन्मनोऽकुरुत स्यामिति*' (2.2.9.1.), जो ऋग्वैदिक दर्शन के विकास और विस्तार को प्रतिबिम्बित करता है। भाष्यकार सायण ने इस प्रकरण की व्याख्या ब्राह्मण में ऋग्वेद से भिन्नतया की है। आख्यानों के अन्तर्गत वर्णित सृष्टि-विषयक मूलभूत तत्त्वों की गवेष्णा करने से सिद्ध होता है कि परवर्त्ती दर्शनशास्त्र के सिद्धान्तों के निर्धारण में तैत्तिरीय ब्राह्मण का पर्याप्त योगदान रहा है।

## गीतोक्त निष्काम कर्मयोग का आधुनिक सन्दर्भ में महत्त्व

**डॉ. ब्रह्मानन्द पाठक**

*पूर्व शोध छात्र, संस्कृत, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.)*

श्रीमद्भगवद्गीता भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा कुरुक्षेत्र युद्ध में अर्जुन को दिया गया उपदेश है। यदि किसी ग्रन्थ का लोगों के मन मस्तिष्क पर प्रभाव उसकी श्रेष्ठता का परिचायक है, तो भगवद्गीता निश्चित रूप से भारतीय दार्शनिक साहित्य का श्रेष्ठतम् ग्रन्थ है। श्रीमद्भगवद्गीता का कर्म-सिद्धान्त में पूर्ण विश्वास है। गीता कर्म करने की वह कला प्रस्तुत करती है, जिसके अनुपालन में कर्त्ता कर्मफल में लिप्त नहीं होता। गीता में कर्म करने की कुशलता को ही 'योग' कहा गया है- *'योगः कर्मसु कौशलम्'*1 इस प्रकार गीता का कर्मयोग केवल कर्मयोग नहीं है, अर्थात् केवल कर्म करता रहे या कर्त्तव्य पालन करता रहे, इतना ही गीता के लिए पर्याप्त नहीं है। गीता का

कर्मयोग ज्ञानमूलक भक्ति प्रधान कर्मयोग है। यह ऐसा कर्मयोग है, जिसके मूल में ज्ञान है परन्तु वह भक्ति से रहित नहीं है। समर्पणभाव भक्ति का सार है। अहंकार से रहित होकर परमेश्वर के प्रति समर्पणभाव से कर्त्तव्य पालन करना ही गीता की शिक्षा है। यही शिक्षा निष्काम कर्मयोग है।

कर्मयोग के रहस्य का उद्घाटन करना गीता का महत्त्वपूर्ण दृष्टिकोण एवं विषय है। गीता में कर्मयोग का गम्भीर विवेचन किया गया है। गीता में व्यक्ति के उन मानवीय मूल्यों की व्याख्या विस्तार से की गयी है, जिनके अनुकरण एवं अनुपालन से अपनी उन्नति के साथ ही साथ एक सभ्य एवं प्रगतिशील समाज का पुनर्निर्माण किया जा सकता है। गीता में अर्जुन के माध्यम से भगवान् श्रीकृष्ण ने सभी लोगों को कर्मयोग का ही पाठ पढ़ाया है। इसमें पूर्णरूप से इस बात की स्थापना की गयी है कि अहंकार-रहित, अनासक्त-पूर्वक किया गया कर्म ही निष्काम कर्मयोग है।

गीता का उपदेश सार्वभौमिक है। यह प्रत्येक देश-काल, जाति-धर्म के मनुष्यों के लिए ग्राह्य है। आज का मानव भौतिक भोगलिप्साओं में भटकता हुआ अपने लक्ष्य से विमुख हो गया है, इस भटकती हुई मानवता को कर्त्तव्य कर्मों को करते हुए और उनके फलों के प्रति अनासक्त भाव रखने, निष्काम कर्म की सतत साधना करने की दृष्टि गीता के उपदेशों से ही उपलब्ध होगी। ऐसी दृष्टि मनुष्य के लक्ष्यप्राप्ति में सहायक सिद्ध होगी। कर्म के बिना एक क्षण भी नहीं रहा जा सकता। अतः कर्म से विमुख होने की अपेक्षा कर्मफल से विमुख होना ही गीता द्वारा श्रेयस्कर माना गया है। गीता का सन्देश हर युग में मानवता को प्रेरणा देता रहा है और देता रहेगा।

## अद्वैत-वेदान्त में मूल्य : वर्तमान समय में इसकी प्रासङ्गिकता

**श्री गौतम कुमार सिंह**

*शोध-छात्र, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी*

वर्तमान समय में विश्व आर्थिक, राजनैतिक, पर्यावरणीय, सामाजिक इत्यादि अनेक समस्याओं से जुझ रहा है। इन सारी समस्याओं के केन्द्र में व्यक्ति का अहंकेन्द्रित विचार है। वर्तमान समय में कुछ अल्पसंख्यक वर्ग जो अहं पर आधारित 'श्रेष्ठता की अवधारणा' से दूसरों के हर प्रकार के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। आज विश्व को ऐसे मूल्यों की आवश्यकता है, जिसके आधार पर इन अहंकेन्द्रित व्यक्तिवाद को समाप्त किया जा सके। अद्वैत-वेदान्त इस समस्या का समुचित समाधान प्रस्तुत करता है। अद्वैत-वेदान्त में अपर ब्रह्म के सच्चिदानन्द स्वरुप को मूल्यों के रूप में समझा जा सकता है। अपर ब्रह्म ही इस व्यवहारिक जगत का कारण है। सच्चिदानंद की अखंड एकता जो अपर ब्रह्म का स्वरुप है वो जगत् निर्माण में खण्डित होती है। सत्, चित् और आनंद के रूप में वो जगत् की सृष्टि करती है। व्यक्ति का अहं ही उसका अज्ञान होता है और बंधन का कारण भी। सच्चिदानंद का खण्डित स्वरुप मनुष्य के अहं को समाप्त करने का कार्य भी करती है। सच्चिदानंद अपने खंडित स्वरुप में साधन मूल्य का कार्य करती है जो मनुष्य को श्रवण, मनन और निदिध्यासन के लिये प्रेरित करती है। पुनः इस साधन मूल्य के द्वारा सच्चिदानंद के अखण्डित स्वरुप जो साध्य मूल्य भी है, उसे पाया जाता है।

इस प्रकार सच्चिदानंद को अद्वैत-वेदान्त में मूल्यों के रूप में देखा जाता है, जो साधन मूल्य और साध्य मूल्य के रूप में कार्य करता है। इन मूल्यों के आधार पर मनुष्य अपने अहं को समाप्त कर अनेक प्रकार की समस्याओं पर बहुत सीमा तक नियन्त्रण पा सकता है। व्यवहारिक जीवन में इन मूल्यों की प्रासङ्गिकता है, परन्तु

यह ध्यातव्य रहे कि इसकी सीमा व्यावहारिक स्तर तक ही है। पारमार्थिक रूप से जिस आत्म–साक्षात्कार की बात अद्वैत–वेदान्त करता है, वो ब्रह्म का पर स्वरूप है, जिसे हम नेति–नेति के माध्यम से जानते हैं, 'सच्चिदानंद' द्वारा नहीं। आज पूरे जन समुदाय को चाहे वो नैतिक कर्म करते हों या अनैतिक, अद्वैत–वेदान्त के । ये मूल्य जिसे व्यक्ति अज्ञानतावश भौतिक पदार्थों में खोज रहा होता है वो उसके स्वरूप में ही है, इसे समझना आवश्यक है। ये मूल्य सच्चिदानंद के रूप में मनुष्यों में एक सकारात्मक सोच के रूप में इङ्गित होता है।

## वेदों में नारी तत्त्व की दा'ानिक विवेचना

**डॉ. ह'ाा कुमारी**

*अध्यापिका, श्री वेंकटे'वर महाविद्यालय, दिल्ली वि'वविद्यालय, दिल्ली*

ऋग्वेद के नासदीय–सूक्त में यह उल्लेख मिलता है कि आदिम काल में न सत् था न असत् था केवल उदासीन एक था। फिर काम, इच्छा उद्‌भूत हुई अर्थात् सृष्टि की कामना (10.129)। इस विचार की ही पूर्णतया अभिव्यक्ति बृहदारण्यकोपनिषद् में इस प्रकार मिलती है कि पहले वह प्रजापति (आत्मा) ही था उसे अकेले अच्छा नहीं लगा फिर उसने अपने शरीर को दो भागों में बाँटा इससे पति और पत्नी दो हुए इसलिए याज्ञवल्क्य ने कहा है कि जैसे द्विदल का एक भाग पूरे बीज का आधा भाग होता है वैसे ही यह पुरुष अपने वास्तविक स्वरूप का आघा भाग मात्र ही है। उसकी जो कमी थी वह स्त्री से पूरी हो गई (1.4)।

नासदीय–सूक्त में हम उस महत्त्वपूर्ण विचार की धुँधली बाह्य रेखा पाते हैं कि स्रष्टा ने एक नारी तत्त्व के साधन तथा सहयोग के माध्यम से जगत् को उत्पन्न करने की इच्छा की। एक ऐसा विचार जिसने बाद में द्यौस् और पृथिवी के काल्पनिक विवाह में और भी अघिक निर्'चत रूप प्राप्त कर लिया। सांख्यद'ान में प्रकृति और पुरुष के रूप में भी यही विचार देखने को मिलते हैं। वेदों में हम कई देवियों के रूपों को पाते हैं जो नर देवों की तरह ही हवि स्वतंत्र रूप से ग्रहण करती थीं। वस्तुतः वेदों में स्त्री पुरुष को एक दूसरे का पूरक माना गया है। यह सोच आधुनिक सोच को ही पुष्ट करते हैं जहाँ स्त्री को 'better half' की संज्ञा दी जाती है।

## श्री बल्लभाचार्य के दार्शनिक सिद्धांत का संक्षिप्त विवेचन

**श्रीमती किरन अग्रवाल**

*शोध–छात्रा, शा.पं.श.ना.शु. स्नातकोत्तर (स्वशासी), महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)*

श्री बल्लभाचार्य ने ब्रह्म और जीव जगत में अभेद सम्बन्ध प्रतिपादित किया है। श्री बल्लभ के अनुसार ब्रह्म ही जीव और जगत रूप से स्थित है। ब्रह्म अपने चित् और आनन्दांश का तिरोधान करता है, तो जगत की उत्पत्ति होती है और आनन्दांश का तिरोधान करने पर जीव की। श्री बल्लभ ने कार्य–कारण के सिद्धांत में अविकृत परिणामवाद को स्वीकार किया है। श्री बल्लभ ने वेदान्त में शुद्धाद्वैत की स्थापना की। श्री बल्लभ का आचार–मार्ग पुष्टि– मार्ग कहलाता है। पुष्टि का तात्पर्य है कि जीव, जो कि पापादि आचरण से निर्बल हो गया है, भगवद्नुग्रह से ही पुष्टि प्राप्त करता है।

## वैदिकदर्शन में वर्णित मृत्यु की अवधारणा : आधुनिक सन्दर्भ में

**श्री मनीष कुमार त्रिपाठी**

*शोध-छात्र, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद*

मृत्यु जीवन का सार्वभौम सत्य है, अपरिहार्य है। मृत्यु क्या है? इसका कारण है? मृत्यु के पश्चात् कुछ शेष रहता है या नहीं? यदि कुछ शेष नहीं रहता तो इस जीवन की सार्थकता क्या है? और यदि कुछ शेष रहता भी है तो उसका स्वरूप क्या है? क्या मृत्यु से बचा जा सकता है? बचने के उपाय क्या हैं? इत्यादि प्रश्न अद्यावधि अनुत्तरित ही हैं, जिसके समाधान के लिए मनुष्य सृष्टि के आदिकाल से प्रयत्नरत रहा है।

वैदिक दर्शन सर्वथा आशावादी दर्शन है। उसमें मृत्यु के प्रति एक स्वस्थ दृष्टि परिलक्षित होती है और जीवन के प्रति भी एक सहज समग्र दृष्टिकोण पाया जाता है। वैदिक दर्शन के समग्र विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि वहाँ मृत्यु को मात्र जीवन का अन्त नहीं अपितु एक शाश्वत दिव्य विधान के रूप में स्वीकार किया गया है। वैदिक दर्शन के अनुसार मृत्यु ईश्वरी व्यवस्था या साक्षात् ईश्वर की छाया ही है। अतः उससे डरकर निराश होना मनुष्य को शोभा नहीं देता। पूर्ण आयु से पूर्व मृत्यु का वरण उचित नहीं। जीवन को उत्साहपूर्वक ही जीना चाहिए। वेद जीवन का सन्देश देते हुए मनुष्य को शतायु होने का उपदेश देता है- *'शतायुषं कृणुहि चीयमानः'* (यजुर्वेद 13.41)।

## यजुर्वेदीय शिवसंकल्पसूक्त में वर्णित मन का दार्शनिक स्वरूप

**कु. प्रीति वर्मा**

*तदर्थप्रवक्त्री, संस्कृत, मैत्रेयी महाविद्यालय, दिल्ली वियवविद्यालय, दिल्ली*

वेद ज्ञान का अगाध रत्नाकर है। वेद भारतीय-संस्कृति की आत्मा है। शुक्लयजुर्वेदीय वाजसनेयीसंहिता के 34वें अध्याय के आरम्भिक 6 मन्त्रों को शिवसंकल्पसूक्त कहा जाता है। वैदिक ऋषि ने इस सूक्त में मन के शुभ संकल्प वाला होने की प्रार्थना की है। इस शोधपत्र में वैदिक ऋषियों की मनःपरक अन्तर्दृष्टि के अवबोधन और उनके द्वारा मान्य मनोवैज्ञानिक तथ्यों की गवेषणा का प्रयास किया जायेगा। मनुष्य के शरीर में प्रत्येक अंग एवं इन्द्रियाँ महत्त्वपूर्ण हैं - हाथ की छोटी-से-छोटी अंगुली भी अपना महत्त्व रखती है, परन्तु मन का महत्त्व सर्वाधिक है। इसमें विलक्षण शक्ति निहित है। मनुष्य के सुख-दुःख तथा बन्धन और मोक्ष मन के ही अधीन हैं। संसार में कोई ऐसा स्थल नहीं जो मन के लिए अगम्य हो। चक्षुरादि इन्द्रियाँ जहाँ नहीं पहुंच सकती, जिसे नहीं देख सकती, मन वहाँ एक पल में जा सकता है, उसे ग्रहण कर सकता है। जिस आत्मज्ञान से शोक सागर को पारकर नित्य निरतिशय सुख का अनुभव किया जा सकता है, वह मन के ही अधीन है। संसार में हम जो भी उत्कर्ष प्राप्त करते हैं, उनकी मुख्य हेतु हैं - हमारी स्वस्थ और सक्षम ज्ञानेन्द्रियाँ। परंतु यह नहीं भूलना चाहिए कि इन्द्रियों का प्रवर्तक है मन। यदि मन असहयोग कर दे तो स्वस्थ तथा सक्षम इन्द्रियाँ भी अपने विषय को ग्रहण करने में समर्थ नहीं हो पायेंगी। जब इन्द्रियों का प्रवर्तन-निवर्तन मन पर आधारित है और कर्म-सम्पादन इन्द्रियों की प्रवृत्ति के अधीन है तथा अभ्युदय की प्राप्ति कर्म-सम्पादन पर आधारित है, तब यह अपने आप स्पष्ट हो जाता है कि हमारा अभ्युदय मन के शुभसंकल्प युक्त होने पर निर्भर है। यदि मन स्वच्छ और पवित्र बन जाए तो हमारे जीवन की धारा बदल जायेगी और हमारी शक्तियाँ मंगलमय कार्यों में ही लगेंगी।

## वैदिक दार्शनिक परम्परा को श्रीअरविन्द का योगदान

**श्री प्रेम वल्लभ देवली**

*शोध-छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली*

वैदिक वाङ्मय के सन्दर्भ में भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों की भिन्न-भिन्न दृष्टि रही है। जहाँ प्राय: प्राच्य परम्परा में विशेष रूप से यज्ञानुकूल अर्थ प्रस्तुत करने में ही संहिता ग्रन्थों की कृतार्थता को स्वीकार किया गया, वहीं पाश्चात्य विद्वानों ने प्राय: संहिता के अर्थों को सम्यक् प्रकार से न जानते हुए भ्रामक ढंग से भौतिकतावाद के सन्दर्भ में ही प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया। यद्यपि भारतीय मनीषियों ने वेदों के नाना प्रकार के व्याख्यान प्रस्तुत किये तथापि इस दृष्टि से महर्षि अरविन्द के द्वारा वेदव्याख्यान की परम्परा को, एक नव्य तथा भव्य स्वरूप प्रदान किया गया।

## ऋग्वेदीयवाक्सूक्तस्य वाणीविषयकं दार्शनिकचिन्तनम्

**कु. प्रियंका आर्या**

*शोध-छात्रा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी*

समुपलब्धे विश्वजनीने वाङ्मये वेद: पुरातनो सनातन: विशालश्च निधिरिति ध्रुवं प्रत्ययो विश्वेषां मनीषिणाम्। भारतीय वैदिकदार्शनिकचिन्तनस्य सर्वेऽपि पक्षा सुतरां वेदालोके स्पष्टीभवन्ति। भारतवर्षे सर्वासां विद्यानां, सर्वेषां शास्त्रणां चोपजीव्यभूतो वेद एव स च परब्रह्मणो नि:श्वासभूत:। ऋग्वेदे वाक् वाग्देवीरूपेण स्तूयते। सूक्तेऽस्मिन् वाक् ब्रहमण: उत्पन्ना एका महतीशक्तिरूपेण वर्णिताऽस्ति। मन्त्रेषु च परमेश्वरी ज्ञानशक्ति: वसूनां रुद्राणामादित्यानां सूर्यचन्द्रयोर्धारयित्री सर्वत्र व्याप्ता मनुष्यं ब्रहमाणमृषिं सम्पादयित्री सर्वकामपूरयित्री वाग्देवी वर्णिता। मनुष्याणां जीवनसंचालनाय ज्ञानेन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाणि परमावश्यकानि सन्ति। मनस्तु ज्ञानेन्द्रियै: सहितं सन्मनोमय कोशो भवति। वायव: प्राणापानव्यानोदानसमाना:। प्राणादिपंचकं कर्मेन्द्रियै: सहितं सत्प्राणमयकोशो भवित।

ऋग्वेदीये वाकसूक्ते वाक् अम्भृणऋषे: पुत्रीरूपा अम्भृणी इत्यपि मन्यते। निघण्टुकोशे 'अम्भृण:' (निघण्टु 3.3) शब्दोऽयं महन्नामसु, पठितम्। महत: परमेश्वरस्य 'तस्येदम्' (अष्टादायी 4.3.120) इति सूत्रेण अण् प्रत्यय: कृतत्वात् सा वाक् परमेश्वरी ज्ञानशक्ति: विद्यते। अथवा आप्यते आप्नोति वा अम्भ: (उणादि. 4.210)। अम्भसा ऋणोति गतिं करोति इति अम्भृण: तस्य इयम् इति आम्भृणी अर्थात् सृष्टिं सम्पादयितुं या गति शब्दमाध्यमेन समुत्पन्ना सैव परब्रह्मण: आम्भृणी वाक्शक्ति: प्रादुर्भूता। आचार्यसायणेन प्रतिपादितम् यत् अम्भृणऋषे: पुत्री वाक् सा वाग्रूपेण अवस्थिता परब्रह्मणा सह साक्षात्कृत्य तादात्म्यं समुपस्थापिता जगत्यां यत् किंचित् सर्वत्र स्वशक्तिं व्याप्य स्वस्यैव दर्शनं कुर्वन्ती स्व स्तुतिं प्रयुङ्क्ते। यथा मन्त्रे उच्यते '*अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरुत विश्वदेवै:..... अहमश्विनोभा*' (ऋग्वेद 10.125.1)। मन्त्रस्यास्य आशय: स्वामिदयानन्देन प्रतिपादितम्- अहम् अर्थात् आम्भृणी वाक् परमेश्वरी ज्ञानशक्ति: वसुभि: - पृथिवीप्रभृतिभिरष्टभि: रुद्रेभि: एकादश प्राणै: आदित्यै: - द्वादशमासै: सह विश्वदेवै: - ऋतुभि: चरामि - प्राप्ता भवामि अहम् उभौ अहोरात्रे इन्द्राग्नी अग्निविद्युतौ उभा अश्विना - उभौ धावापृथिव्यौ बिभर्मि - धारयामि। सायणस्तु इमां शक्तिं जगत: कारणरूपेण प्रतिपादयति। सूक्तस्य तृतीयो मन्त्र:- '*अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी यज्ञियानाम्....भूर्याविशयन्तीम्*' (ऋग्वेद 10.125.3)। मन्त्रेऽस्मिन् जगद्रूपस्य राष्ट्रस्य स्वामिनीरूपेण: वाक्शक्ति: प्रस्तूयते। अत्र राष्ट्रीईश्वरनाम। वसूनां संगमनी-समस्तधनानां संगमयित्री यज्ञियानां

प्रथमा चिकितुषी– श्रेष्ठकर्मणां प्रमुखा चेतयित्री भूरिस्थात्रम्– बहुरूपस्थितिमतीम् भूरि आवेशयन्तीम् – जडजंगमेषु पदार्थेषु बहुरूपेणावेशन्तीमाविष्यम् तां मां विद्वांसः बहुरूपेषु वर्णयन्ति। ऋग्वेदे उच्यते– *'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति'* (1.164.46)। या हि शब्दमयी सृष्टिः वाग्रूपा या चार्थमयी रचना शब्दरूपा तत्सर्वं दार्शनिक सूक्तेऽस्मिन् उपनिबद्धम्। अतः वाक्यपदीये उच्यते– *'अनादिनिधानं ब्रहम शब्दतत्त्वं यदक्षरम्'* (वाक्यपदीयम् 1.1)। साररूपेण वक्तुं शक्यते यत् वाक्सूक्तेऽस्मिन् दार्शनिकंचिन्तनदिशा सृष्टेः रचनायां वाग्देवी शक्तिरूपेण संस्तुता।

## वैदिक दर्शन की आधुनिक समय में प्रासंगिकता

**कु. रक्षिता**

*शोध–छात्रा, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली*

समस्त भारतीय संस्कृति का मूलाधार वैदिक दर्शन है। यही विशुद्ध, मूल, साक्षात्कृत धर्मा ऋषियों का वाङ्मय है, जिन्होंने जीवन के प्रत्येक पक्ष के विषय में एक शाश्वत सार्वभौम प्रकाश प्राप्त कर, मानव मात्र के कल्याण के लिए वितरित किया। आज भी वही वैदिक दर्शन हमारे मार्ग को आलोकित कर रहा है। वैदिक दर्शन में सत्य के अनुसरण पर विशेष बल दिया गया है। मनुष्यों के धर्मों में प्रमुख धर्म सत्य ही है, क्योंकि सत्य के बिना कोई ज्ञान आगे नहीं बढ़ सकता। सत्य ही भूमि को धारण किये हुए हैं *'सत्येनोत्तभिता भूमिः'*। मन की शक्ति एवं कल्याण बुद्धि, मनुष्यता की सर्वोच्च सम्पत्ति है, इसी के द्वारा मनुष्यों में परस्पर सामनस्य रहता है। इसी उद्देश्य से यह कामना की गई है कि सभी दिशाएँ मेरी मित्र हो जाये– *'सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु।'* कल्याण बुद्धि और मित्रता की भावना के मूल में त्याग, दान और यज्ञ की प्रवृत्ति का विशेष महत्व है। पुरुष सुक्त में तो समस्त सृष्टि को ही एक यज्ञ बताया गया है *'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।'* वस्तुतः संयम और कठोर परिश्रम से मनुष्य कोई भी सफलता प्राप्त कर सकता है। इसी कर्म–प्रेरणा को वेद में तपस्या की भावना के द्वारा अभिव्यक्त किया गया है।

वैदिक दर्शन नितान्त आशावादी है। जब मनुष्य निराशा के अंधकार में खोने लगता है, तो दर्शन ही उसे सच्चा आश्वासन देकर पार पहुँचाता है। दर्शन ही हमारे धर्म और आचार की भित्ति है, जो चिन्तन के द्वारा व्यवहार को श्रेष्ठ करता है। सदैव आगे बढ़ने का उपदेश देकर गन्तव्य की ओर ले जाता है, तथा समाज के सामने बन्धुता का आदर्श उपस्थित करता है। वह दिन शीघ्र आये, जब मानव पारस्परिक कलह को भुलाकर मानवता का मूल्य समझे तथा दार्शनिक दृष्टि को अपनाकर *'जियो और जीने दो'* का आदर्श विश्व के सामने उपस्थित करें।

## मोक्ष–प्राप्ति में योग का महत्त्व : वेदान्त दर्शन के सन्दर्भ में

**कु. रीना कुमारी**

*शोध–छात्रा, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली*

प्रायः सभी भारतीय दर्शनों में मोक्ष प्राप्त करना ही मानव–जीवन का अन्तिम लक्ष्य माना गया है। अद्वैत वेदान्त के अनुसार इस लक्ष्य की प्राप्ति ज्ञान से ही सम्भव है। ब्रह्म ज्ञान–प्राप्ति का अधिकारी बनने की इच्छा रखने वाले साधक के लिए आवश्यक है कि वह साधनचतुष्टय से सम्पन्न हो। इसके अतिरिक्त वेदान्तसार में

श्रवण, मनन, निदिध्यासन और समाधि का भी मोक्ष-प्राप्ति के साधनों के रूप में प्रतिपादन किया गया है। उपनिषदों में यद्यपि ज्ञान, कर्म और उपासना का स्थान-स्थान पर उल्लेख मिलता है तथापि वहाँ योगाभ्यास के महत्त्व को उपेक्षित नहीं किया गया, बल्कि श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन के साथ-साथ योग के महत्त्व को स्वीकार किया है। योगाभ्यास से शुद्ध बने हुए अन्तःकरण को ब्रह्मज्ञान-प्राप्ति में आवश्यक माना है। जैसे स्वच्छ दर्पण में प्रतिबिम्ब स्पष्ट दिखाई देता है वैसे ही शुद्ध अन्तःकरण में ब्रह्म का साक्षात्कार सम्भव है। ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करने वाला साधक शान्त, दान्त, उपरत और तितिक्षु होता है। वह समाहित होकर आत्मा को आत्मा में दर्शन करता है तथा सभी को अपनी आत्मा समझता है। यदि व्यापक दृष्टि से विचार किया जाए तो विवेक, वैराग्य, शमदमादि साधन, मुमुक्षुत्व, कर्मानुष्ठान, योगाभ्यास तथा उपासना को मोक्ष-प्राप्ति के साधन के रूप में स्वीकार किया जा सकता है परन्तु दार्शनिक और धार्मिक दृष्टि से विचार करने पर ज्ञान, कर्म, उपासना आदि के साथ-साथ वेदान्त दर्शन में योग को भी मोक्ष-प्राप्ति का मुख्य साधन माना जा सकता है क्योंकि योग-साधना के अभाव में ज्ञान, कर्म एवं उपासनादि के द्वारा भी मोक्ष-प्राप्ति सम्भव नहीं हो सकती। इसलिए किसी भी कार्य को करने के लिए योगसाधना की जाती है। इसके अनन्तर ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।

इस प्रकार वेदों और ब्राह्मणों में निहित योग के सूक्ष्म बीज औपनिषदिक काल अर्थात् वेदान्त में व्यवस्थित एवं स्पष्ट रूप में विकसित हैं। आचार्य गौड़पाद से लेकर शंकराचार्य एवं इनसे परवर्ती आचार्यों ने भी योग के विषय में चर्चा करते हुए मोक्ष-प्राप्ति में योग के अतुलनीय महत्त्व को स्वीकार किया है।

## आधुनिक संदर्भ में ऋत की प्रासङ्गिकता

**कु. सानू तिवारी**

*शोध-छात्रा, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी*

वैदिक परम्परा में ऋत की अवधारणा अत्यन्त आधारभूत है। यह सार्वभौमिक सिद्धान्त मनुष्यों, देवों तथा प्राकृतिक शक्तियों के सामञ्जस्यपूर्ण नियमन का सिद्धान्त है। ऋत के अनुरूप ही कार्य करना वैदिक परम्परा में कर्त्तव्य का मौलिक स्वरूप है। ऋत् सम्पूर्ण विश्व में नैतिक, भौतिक एवं आध्यात्मिक संतुलन एवं सामञ्जस्य को सुनिश्चित करता है।

आधुनिक संदर्भ में विश्व में अनेक प्रकार के असंतुलन उत्पन्न हो रहे हैं। मानवीय समाज में विभिन्न प्रकार की नैतिक अव्यवस्था सामने आ रही है, तो मनुष्य एवं मनुष्येतर प्राणियों के बीच भी विभिन्न प्रकार की असामञ्जस्यपूर्ण स्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं। वैश्विक पारिस्थितिकी में भी सजीव एवं निर्जीव घटकों के बीच विभिन्न प्रकार की अत्यन्त चिन्ताजनक परिस्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं। ऐसा नहीं है कि मानव समाज में उचित-अनुचित का कोई विचार नहीं है, किन्तु फिर भी ऐसी विकट परिस्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य, उचित-अनुचित के निर्धारण में आज के मानव समाज से गंभीर चूक हो रही है। इस गंभीर त्रुटि के स्वरूप को समझना अत्यन्त आवश्यक हो गया है, ताकि सही तरीके से उसका निराकरण किया जा सके। इस पूरे विषय को समझने में तथा उचित समाधान तक पहुँचने में वैदिक परम्परा की ऋत्-अवधारणा अत्यन्त सहायक हो सकती है। इस दृष्टि से ऋत की आधुनिक संदर्भ में प्रासङ्गिकता की प्रस्तुत शोध-पत्र में चर्चा की जायेगी।

## वैदिक वाङ्मय में वर्णित आचार की जीवनोपयोगिता

**डॉ. सपना तिवारी**

*पूर्व शोध छात्रा, संस्कृत, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.)*

मनुष्य जो व्यवहार अपने दैनिक जीवन में समाज में आने वाले विभिन्न प्राणियों से करता है उन्हें मनुष्य का आचरण कहा जाता है। जो मनुष्य की केवल ऐच्छिक क्रियाओं के लिए ही प्रयुक्त होता है। यद्यपि प्राचीन विद्वानों द्वारा सारगर्भित उक्ति '*प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते*' के अनुसार व्यक्ति की हर क्रिया का कोई प्रयोजन होता है। कुछ ऐच्छिक क्रिया होती है परन्तु खांसना, छीकंना, सांस लेना आदि कुछ अनैच्छिक क्रियाएँ भी दैनिक जीवन में व्यक्ति द्वारा सम्पन्न होती है। इन क्रियाओं का आचार-शास्त्र से सम्बन्ध नहीं है। आचार-शास्त्र का सम्बन्ध केवल ऐच्छिक क्रियाओं से है, जिन्हें मनुष्य सीखकर सोच समझकर जान-बुझकर करता है।

मनुष्य का प्रत्येक क्षण कर्म करते हुए व्यतीत होता है। इन कर्मों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कोई न कोई उद्देश्य देता है। वह उद्देश्य क्या है? क्या उस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु ऐसे कुछ नियम बनाये जा सकते हैं जिनको आधार बनाकर मनुष्य अपने जीवन में समस्त कार्यो को करता रहे। क्या वह उद्देश्य भौतिक उपलब्धियों तक सीमित है? क्या वह 'स्व' की परिधि में घिरा हुआ है? अथवा उससे बाहर उससे ऊपर समष्टि या किसी परम सत्ता से भी उसका कोई सम्बन्ध है? और यदि उन नियमों पर चलने से मनुष्य अपने उद्देश्यप्राप्ति में सफल हो जाता है तो उसके आचरण अथवा व्यवहार में क्या अन्तर आता है? भौतिकता और अपने जीवन के प्रति उसके विचार किस प्रकार के हो जाते हैं? इसी प्रकार के विवेकपूर्ण प्रश्नों पर विचार करने के लिए आश्रय-भूत शास्त्र को आचार-शास्त्र, नीतिशास्त्र, धर्मशास्त्र और कर्त्तव्यशास्त्र आदि नामों से व्यवहृत किया जाता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में वैदिक वाङ्मय में वर्णित आचार की जीवनोपयोगिता विषय पर विवेचन किया जायेगा।

## वैदिक ऋषियों के मोक्ष विषयक चिन्तन की प्रासङ्गिकता

**डॉ. शालिनी मिश्रा**

*पूर्व शोध छात्रा, संस्कृत, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.)*

मानव अपनी वर्तमान परिस्थितियों से सन्तुष्ट नहीं रह कर सदैव पूर्णता की ओर सतत अग्रसर होने का प्रयत्न करता है। समय के बन्धन व सीमा से उठकर शाश्वत आनन्द की यह अवस्था ही मोक्ष है। मोक्ष मानव की प्रकृति में निहित आदर्श है तथा वास्तविक जीवन में प्राप्त लक्ष्य भी। मोक्ष एक मूल्य है तथा उसमें वास्तविक व आदर्श दोनों ही पक्ष आते हैं। व्यक्ति को मूल्य प्राप्ति करने का प्रयत्न करना चाहिए, क्योंकि यह उसकी नियति है। अपूर्णता से पूर्णता:, अभाव से स्वभाव, उसके निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर होने का संकल्प, निरन्तर विकसित होती हुई प्रक्रिया है जिसकी पराकाष्ठा मोक्ष है। *'एकोऽहम् बहुस्याम्'* से मानव पुनः उस एक ब्रह्म स्थिति का साक्षात्कार करना चाहता है यह मात्र पारमार्थिक अवस्था नहीं है। यह इस जीवन में प्रयत्न की प्रक्रिया है। मानव के अन्दर साधारण से असाधारण की ओर जाने की उत्कष्ठा है। मोक्ष की तैयारी में मानसिक व शारीरिक दोनों ही पक्ष है। मोक्ष की साधना मानव की शक्ति व क्षमता का प्रयोगात्मक रूप है,

जिसको विभिन्न मार्गों के द्वारा सिद्ध करने की चेष्ठा की जाती है। देखने में यह सैद्धान्तिक आदर्श प्रतीत होता है लेकिन इसको प्राप्त करने में मानव के मन व शरीर का मिला-जुला प्रयास है। मोक्ष एक क्रमिक प्रयास है, जिसमें अज्ञान व बन्धन को दूर करने के लिए मानव शारीरिक व मानसिक शुद्धि के द्वारा आत्मा के मूल स्वरूप का साक्षात्कार करता है। मोक्ष केवल तर्कप्राप्य लक्ष्य नहीं वरन् संकल्पप्राप्त लक्ष्य है। मोक्ष की प्रारम्भिक अवस्था, जीवन मुक्ति व पूर्ण अवस्था विदेहमुक्ति है। आधुनिक समय में चाहे हम किसी भी क्षेत्र या दृष्टिकोण से मोक्ष का वर्णन करें, यह उच्चता की व पूर्णता की अवस्था ही है, जो कि समाज में रहकर व्यक्ति संकल्प से प्राप्त करता है तथा प्राप्त होने पर विश्वकल्याण की भावना से स्वधर्म का पालन करता है। व्यक्ति को जिन विभिन्न चुनौतियों का सामना करना होता है उनका सामना वह अपनी भूमिका के आधार पर करता है। जीवन के प्रवाह में उसकी क्षमताओं का प्रस्फुन होता है तथा वह श्रेष्ठता की ओर अग्रसर होता है। यही मोक्ष की ओर प्रस्थान है। प्रस्तुत शोध-पत्र में वैदिक ऋषियों के मोक्षचिन्तन की प्रासङ्गिकता का विवेचन अभीष्ट है।

## महर्षिभरद्वाजकृता अंशुबोधिनी की बोधानन्दटीका का दार्शनिक परिचय एवं प्रासङ्गिकता

**डॉ. उमेश कुमार सिंह**

*पुर्व शोध-छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं संयुक्त सचिव, वेव्स*

भारतवर्ष विविध प्रकार की विद्याओं का प्राचीन काल से ही जनक रहा है। इसकी प्राचीन कालीन दार्शनिक और वैज्ञानिक प्रगति को देखकर सहसा किसी को विश्वास नहीं हो सकता है। इसी क्रम में महर्षि भरद्वाज विरचित तीन ग्रन्थ विमानशास्त्र, अंशुबोधिनी और रत्नप्रदीपिका भी आते हैं। इन तीनों ग्रन्थों पर बोधानन्द यति ने अपनी टीका लिखी है और यह टीका ही बोधानन्द टीका के नाम से जानी जाती है। महर्षि भरद्वाज के उक्त तीनों ग्रन्थ सूत्रशैली में थे और ये सूत्र बहुत कम ही प्राप्त होते हैं किन्तु बोधानन्द यति की टीका ने ही इन सूत्रों के वास्तविक अर्थों का प्रकाश किया है।

बोधानन्द की इस टीका में प्रकरण के अनुसार अपने व्याख्यान के अतिरिक्त अनेक सम्बन्धित ग्रन्थों के उद्धरण प्रस्तुत किए गए हैं, जिनसे भारत के प्राचीनकाल में उपलब्ध भौतिक, वैज्ञानिक, यान्त्रिकी तथा प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित विशाल साहित्य-राशि का अनुमान लगाया जा सकता है। अनेक स्थलों पर बोधानन्द यति ने तत्कालीन समाज की मानसिकता का भी चित्रण किया है, जो कि इस साहित्य के संरक्षण और विकास के लिए क्षति पहुँचाने वाली थी। तत्कालीन विद्वानों की इस मानसिकता के कारण ही भारत के महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक साहित्य नष्ट हो गए। अंशुबोधिनी के प्रारम्भ में ही बोधानन्द यति ने संकेत किया है कि तथाकथित विद्वानों की मण्डली किस तरह से कठमुल्लेपन का शिकार थी और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों के पठन-पाठन और व्याख्या पर प्रतिबन्ध लगाती थी। यह उसी तरह से था जैसे गोस्वामी तुलसीदास जी के लौकिकभाषा में काव्य लिखने का पण्डितों ने विरोध किया था।

अंशुबोधिनी जैसा कि नाम से प्रतीत होता है सूर्य की किरणों के ऊपर लिखा गया ग्रन्थ था। यह कई अध्यायों में विभक्त थी, जिसे अधिकार के नाम से जाना जाता था। वर्तमान में इसका केवल प्रथम अधिकार ही उपलब्ध है, जिसके कुल ५० सूत्रों पर बोधानन्द यति की टीका प्राप्त होती है। बोधानन्द यति ने अंशुबोधिनी की व्याख्या में जिन २६ ग्रन्थों का नामोल्लेख किया है या उदाहरण दिया है उनमें से मनुस्मृति को छोड़कर अन्य

सभी आज नहीं पाए जाते हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में इन समस्त तथ्यों के विस्तृत विवेचन और इस ग्रन्थ की वर्तमान समय में दार्शनिक और वैज्ञानिक प्रासङ्गिकता पर विचार करने का प्रयास किया गया है।

## वैदिक दार्शनिक परम्पराएँ : आधुनिक सन्दर्भ में

**डॉ. विजय कुमार त्यागी**

*असि.प्रोफेसर, श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)*

'विद्' धातु से व्युत्पन्न 'वेद' शब्द ज्ञान, सत्ता, विचार और लाभ अर्थ का द्योतक है। वेद के अनेक पर्यायवाची शब्द हैं- श्रुति, छन्द, निगम, आगम, आम्नाय, त्रयी, स्वाधयाय आदि। आचार्य सायण कहते हैं कि '*इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो ग्रन्थो वेदयति सः वेदः*' अर्थात् इष्ट-प्राप्ति और अनिष्ट-निवारण का अलौकिक एवं अद्‌भुत उपाय जो ग्रन्थ बताता है, वह वेद है। आचार्य मनु के अनुसार वेद ही समस्त धर्मों का मूल है '*वेदोऽखिलो धर्ममूलम्*'। 'वेद' शब्द में ठक् प्रत्यय के योग से 'वैदिक' शब्द के अर्थ है- वेदों से व्युत्पन्न, वेदों के समनुरूप, वेदविषयक इत्यादि। 'दृशि प्रेक्षणे' धातु में ल्युट् प्रत्यय के योग से दर्शन की व्युत्पत्ति होती है तथा 'दर्शन' शब्द में ठञ् प्रत्यय को योग से 'दार्शनिक' शब्द बनता है जिसका अर्थ है- 'दर्शनशास्त्र से परिचित।' दर्शन की प्रक्रिया विशेष महत्त्वपूर्ण है। कहा गया है- '*दृश्यते ज्ञायते विचार्यते अनेनेति दर्शनम्*' अर्थात् जिसके द्वारा देखा जाता है, जाना जाता है तथा विचार किया जाता है, उसे दर्शन कहते हैं। उचितानुचित का निर्णय भी दर्शन की ही सहायता से सम्भव है। अतः दार्शनिक परम्पराओं का अनुपालन करना अनिवार्य-सा हो जाता है।

वास्तव में सृष्टि की उत्पत्ति से ही समस्त चिन्तकसमुदाय के चिन्तन का आधार सत्यासत्य विचार ही रहा है। दार्शनिक परम्पराओं के विषय में सीमित विचारधारा नहीं हो सकती परन्तु विस्तारभय के कारण कुछ परिसीमन करना भी अनिवार्य प्रतीत होता है। जहाँ तक वैदिक दार्शनिक परम्पराओं के आधुनिक सन्दर्भ का विषय है तो प्रमुख रूप से दार्शनिक परम्पराओं के अन्तर्गत त्रैतवाद को स्वीकार करना उचित होगा क्योंकि त्रैतवाद की मान्यता वैदिक दर्शनों में प्रमुख है तथा आधुनिक सन्दर्भ में भी इस मान्यता को नकारा नहीं जा सकता। इस हेतु अनेक शोध भी हो चुके हैं तथा हो रहे हैं और होते रहेंगे। वैदिक दार्शनिक परम्पराओं का अनवरत प्रचलन तथा अनुसंधानों का लक्ष्य होना ही विषय की उपयोगिता को सिद्ध करता है। अतः 'वैदिक दार्शनिक परम्पराएँ : आधुनिक सन्दर्भ में' विषय को शोध-पत्र में विस्तार से प्रस्तुत किया जायेगा।

## वैदिक दार्शनिक परम्परा में वाग्दर्शन : भर्तृहरि दर्शन के सन्दर्भ में

**श्री विकास शर्मा**

*शोध-छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली*

लौकिक वस्तुओं के साक्षात्कार के लिए जिस तरह नेत्र की उपयोगिता है उसी प्रकार अलौकिक तत्वों के रहस्य को जानने के लिए वेद की उपादेयता है- '*प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न निद्यते। एतं विदन्ति वेदेन तस्मात् वेदस्य वेदता।।*' (सायण, (ऋग्वेदवेदभाष्यो, पृ. 39)। दार्शनिक चिन्तन परम्परा वेद में ही प्रस्फुटित हुई हैं, जिसके अन्तर्गत सृष्टि की उत्पत्ति के सन्दर्भ में नासदीय सूक्त ((ऋग्वेद 10.129) व पुरुष सूक्त ((ऋग्वेद 10.

90) दिव्यशक्ति के चिन्तन की अवधारणा, आत्मतत्त्वपरक चिन्तन, कर्म, पुनर्जन्म व मोक्ष की अवधारणा व भाषाचिन्तन का सूक्ष्म दृष्टिकोण इत्यादि आते हैं। चिन्तन के कई दूसरे क्षेत्रों की भांति भाषाचिन्तन का मूल भाषा सूक्त (ऋग्वेद 10/71) वेद में ही प्राप्त होता है। वेद से ही भाषा चिन्तन के अन्तर्गत भारतीय वाग्दर्शन की गरिमामय परम्परा प्रारम्भ होती है।

प्रस्तुत शोध-पत्र में वाग्दर्शन वेद से लेकर भर्तृहरि दर्शन तक की यात्रा है। वेद में वाग्दर्शन के जो बीज हमें दिखलाई पड़ते हैं, वो किस प्रकार से एक वटवृक्ष अर्थात् स्वतन्त्र दर्शन का रूप ले लेते हैं, इस संदर्भ में वाग्दर्शन के उद्भव एवं विकास की परम्परा पर विस्तार से विचार किया गया है।

## The Vedic Vision of Swami Rangathananda

**Ms. Lisha C. R.**
*Research Scholar, Centre for Manuscriptology, Sree Sankaracharya University of Sanskrit*
*Kalady, Kerala*

Vedic literature refers to the earliest texts found in India, four Samhitas and allied texts written in the Sanskrit language. Together they contain the basis for the Indian culture. India is the motherland of the Vedic literature. India is blessed in these days of the runaway materialism where everything seems to have a price, she has been blessed with great thinkers, like Swami Rangathananda. It is to seers like him to whom the country must repeatedly turn to seek light and direction in the wilderness in which we are immersed ourselves. Swami Ranganathananda, the thirteenth President of the Ramakrishna Math and Ramakrishna Mission, was born on 15 December 1908 at Trikkur village near Trichur in Kerala. His pre-monastic name was Shankaran Kutty. His parents were Neelakantha Sastri and Lakshmi Kutty Amma. Young Shankaran was deeply inspired by the teachings of Sri Ramakrishna and Swami Vivekananda and joined the Ramakrishna mission in his young age and latter on served there till he became the president of the organization.

Swamiji's discourses always had the core of true spirituality and manifest immediate appeal and relevance to the contemporary world. He was a true patriot who was never tired of extolling true and the great traditions of Vedic religion. His life and work exemplified the fact that Vedic traditionhas a universal appeal of its own. Swamiji's efforts at social service and reconstruction of Vedic wisdom are legendary. In addition, he built several centres of learning and meditation for the Ramakrishna Mission all over the world. Several people became his disciples and he inspired all who came in contact with him.'Godward Passion and Manward Love' was his motto. Swami Ranganathananda stressed on service as a way of life, and Vedanta as a science of religion. His personality was marked by simplicity, profound love for humanity and an attitude of equality to all. Oratorical skills and intellectual inclination marked him out among his peers. Swami Ranganathananda is remembered in his home State as "one of the foremost modern exponents of Vedanta.' In the post-Vivekananda era, Swami Ranganathananda took Advaita Vedanta to great heights. The Swami had no formal education, but he became the greatest scholar of our time. Through his writings and lectures, the West imbibed the spirit of the ancient Indian seers. This paper is devoted for explaining the Vedic vision of Swamiji in detail.

## Vyakarana - A Philosophical View

**Mr. P.S. Santosh**

*Research scholar, Dept. of Sanskrit, Osmania University, Hyderabad*

The Vedas are unique, as they speak about everything. There are many *shastras* and *sutras* to understand Vedas. The philosophical observation of Brahman, depicted in Vedas ,is explained in Darshanas. The supreme is elaborated in darshanas. Accordingly, the *sankhya*, *yoga*, *nyaya* etc. are *darshanas.* In the same sense Vyakarana is also considered as a *darshan* as it talks about *Shabda Brahman*, Sphota and many other related aspects of language. Here a '*shabda*' can lead to *Brahman*. Without the knowledge of proper linguistic approach, we cannot understand the Vedic hymns and their meaning. Vyakarana teaches us to recite the mantras properly and thus helps to communicate their meaning. Even there is a point in 'Paninian Vyakarana' that it starts with a *shabda* called *vriddhi*. The term *vriddhi* means development. In '*chaturvidha purusharthas'* the last aim of life is *moksha*.

Hence Pninian grammar symbolically expresses that Vakarana is also a *darshana* which can lead up to *moksha*. The *Vakyapadiya* of Bhartrihari has three parts and the first one is named *Brahmakanda*. In this paper, I want to utilize the opportunity to present the approach of linguistic scholars who observed, accepted and explained the Vyakarana as *darshana.* I will discuss here how the approach of linguistics may help modern society to understand the ancient grammar as philosophy.

## In Search of an Ecological Worldview: A Study of *Īsha-Upanishad*

**Mr. Paran Goswami**

*Research Scholar, Department of Philosophy, Gauhati University, Guwahati, Assam*

Nature is the existential foundation for 'being-in' of both human and non-human species in Earth and life on this planet inarguably depends on a complex set of relationships between man, the Nature (or ecosystemin a local sense) and the economic system. The unequalled growth in the materialistic sphere of human world, which has been accomplished since the industrial revolution has affected these relationships in both positive and negative ways. Record level of pollution and population has put great strain on the environment. Economic growth has created immense wealth to a smaller portion of total populace of the world, while left the greater portion behind. Understanding the essential elements that support healthy societies and a healthy planet is then an urgent need for humankind in general. After an extensive multilateral reflection in the last few decades on sustainability of Nature and human world as well, scholars have come to realise that the crises we confronted are all facets of one single crisis, which is essentially a crisis of perception or could be generalized as a crisis of philosophy.

This perception is of the humankind as the central or most important element of existence; the universe as a mechanical system composed of elementary building blocks which is exclusively for and to be used by human, the view of human body as a machine, the view of life as a competitive struggle for existence, the belief in unlimited material progress to be achieved through economic and technological growth. Thus these narrower assumptions need a radical revision. And the proposed new paradigm is being calledan 'ecological worldview'; which is to see the world as an integrated whole rather than a dissociated collection of parts, to recognize the fundamental interdependence of all phenomena and the integration of individuals and societies in the cyclical process of nature.Now, such a view of realitycomprises the most elementary features of most of the age-old Upanishads of Indian philosophical tradition. The most original in this regard is *ĪśaUpanishad*. This paper thus tries to explore the possibilities of an ecological

consciousness in *Īśa Upanishad* and thereby to investigate its possible application in providing a metaphysical foundation foran ecological worldview.

## Modern Progress in Vedic Philosophy

**Mr. Veloori Raghu Ram**
*Sr. Asst. Prof. in Sanskrit, Arora Degree College,*
*Research Scholar, Dept.of Sanskrit, Osmania University, Hyderabad*

The word "philosophy" comes from the Ancient Greek (philosophia), which literally means "love of wisdom". The introduction of the terms "philosopher" and "philosophy" has been ascribed to the Greek thinker 'Pythagoras'. Philosophy means the study of the fundamental nature of knowledge. Especially when considered as an academic discipline, a theory or attitude that acts as a guiding principle for behavior. Philosophy is the study of general and fundamental problems, such as those connected with reality, existence, knowledge, values, reason, mind, and language. The earliest literature of India is the Vedas. These consist mostly of hymns in praise of nature gods. Excepting in some of the hymns of the later parts of the work ,there is great philosophy in them in our sense of the term.

The present paper focuses on the concept of understanding the Vedic terms and style of application, in modern world. The wealth of systematic thoughts in mantras helps to establish the Vedic philosophy, for forwarding the best generations to the future. The advanced vision of Vedic philosophy and the observation techniques can be seen in this concept. As '*Vid*' means Knowledge the universal knowledge is present in the Vedic literature. Only the tool to identify that is to read realize and understand.

-The Number system
-Agriculture aspects
-Global peace
-Astronomical thoughts
-Scientific aspects Etc.

It is very clear that Vedas will not give education in the form of 'spoon feeding'. It will be like "*Markata Kishora Nyaya*" as a baby of a monkey holds its mother tightly when it is moving, but mother will not. Vedic philosophies also flow in the same way, as we need to understand its thoughts, which are high in quality. The application of Vedic philosophy will help the society to develop physically, mutually and naturally.

## Modern Day Relevance of Pūrva Mimāmsā Explained Through Sandhyā Worship

**Mr. Subramanian Chidambaran**
*Student of advanced Diploma in Sanskrit, University of Mumbai*

Pūrva Mīmāmsā, that forms the essential portion of the Karma khānda section of the Vedas, is among the most popular of the Six darshana or philosophical Vedic traditions. Etymologically, the compound word 'Mīmāmsā' is comprised of the root 'mām' and suffix 'sam' which literally means a deep analysis of a subject worthy of reference– here the Vedas. However with time, the practitioners of Mīmāmsā probably forgot the 'analysis' part and just

focused on the sacrifices and rituals prescribed. This led to rigidity in thought leading to power getting concentrated with a few who dictated the functioning of the society leading to emergence of Nāstika-darshana such as Buddhism and Jainism. To counter this was the resurgence of Vedanta heralded by ĀdiShankarāchārya. Though Shankarā counters the Pūrva Mīmāmsā at many places in his Bhāshya, he does accept the fact that it is an essential starting point and grooming field for the human mind to reach the maturity needed for Vedanta.

Here is where again some of the actions prescribed in the Pūrva Mīmāmsā can come to our aid in helping purify our minds through detached action as stated by the Lord in the Gita. Of these karmas, foremost position is occupied by the Sandhyā worship which is important Nityakarma. Though commonly ignored today even by traditionally orthodox Brahmin families, Sandhyā worship is much beyond the karma itself. It's relevance in sustaining and improving the agility of our body and sharpness of our mind as also the spiritual and emotional quotient is tremendous. This paper is a humble attempt to bring forth the scientific principles behind and the modern day relevance of the Sandhyā worship.

**********

# वैदिक प्रार्थना

ओम् आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे

राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां दोग्ध्री

धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः

सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां निकामे निकामे

नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम्।।

– शु० यजु० 22/22

*

– हे ब्रह्मन् महान् शक्तिशाली परमेश्वर। हमारे राष्ट्र में ब्रह्मवर्चस्वी ब्राह्मण उत्पन्न हो। वीर, बाणवेधन में कुशल, शत्रुओं को भली–भांति परास्त करने वाले महारथी, क्षत्रिय उत्पन्न हो। इस यजमान की गाय दूध

देने वाली हो। बैल वहनशील हो। घोड़ा शीघ्र गमन करने वाला हो। स्त्री सर्वगुण सम्पन्न हो। इसका रथ में बैठने वाला, महावीर, जयशील, पराक्रम करने वाला, सभ्य, युवा पुत्र हो। हमारे राष्ट्र में प्रत्येक योग्य अवसर पर मेघ बरसें। हमारी ओषधियाँ फल से युक्त होकर पकें और हमारी अप्राप्त वस्तुओं की प्राप्ति (योग) और प्राप्त वस्तुओं की रक्षा (क्षेम) उत्तम रीति से होती रहें।

## WAVES Conferences held in India & Nepal

Till date organized conferences on national level with international participation:

**1st India Conference;** *Indian Identity and Cultural Continuity;*
New Delhi; Dec. 27, 1997
**2nd India Conference;** *Ancient Indian Wisdom & Contemporary Challenges;*
New Delhi; Dec 24-25, 1998
**3rd India Conference;** *Challenges of Modernity: The Vedic View;*
New Delhi; Jan. 7-8, 2000
**4th India Conference;** *State & Society : An Ancient Indian Perspective;*
New Delhi; Dec. 15-16, 2000
**5th India Conference;** *Vedic Wisdom & Global Issues;*
Srisailam, Andhra Pradesh; Dec. 28-30, 2001
**6th India Conference;** *Vedic Intellectual Tradition: Modern Context;*
New Delhi, Dec. 27-28, 2002
**Nepal Conference;** *Vedic Traditions in South and South-East Asian Region;*
Kathmandu, Nepal ; July 12-13, 2003
**7th India Conference;** *Contemporary World Order: A Vedic Perspective;*
Pondicherry; Dec. 27-29, 2003
**8th India Conference;** *Science, Consciousness & Vedic Heritage;*
Bangalore, Karnatak; Dec. 31, 2004 - Jan. 2, 2005
**9th India Conference;** *Approach to Health & Happiness in Indian Thought;*
Jaipur, Rajasthan; Dec. 16-18, 2005
**10th India Conference;** *Cultural Consciousness in Ancient Indian Society;*
New Delhi; Dec. 15-17, 2006
**11th India Conference;** *Vedic Value System: Contemporary Relevance & Challenges;*
Vrindavan, UP; Dec. 14-16, 2007
**12th India Conference;** *Harappan Civilization and Vedic Culture;*
New Delhi; Dec. 24-25, 2008
**13 th India Conference;** *Creation and Existence: Indian Perspective***,**
New Delhi; Dec. 24-26, 2009
**14 th India Conference** *; Relevance of Ayurveda***,**
Hyderabad, Jan. 21-23, 2011
**15 th India Conference;** *Veda and Thought Revolution***,**
Haridwar, March 14-17 , 2012

**16 th India Conference** ; *Vedic Views on Man and Nature,*
New Delhi, Dec. 24-26, 2012
**17 th India Conference** ; *Vedic Views on Education and Morality***,**
Lucknow, Nov. 22-24, 2013

# WAVES - Governing Council

Website- www.waves-india.com


**PRESIDENT:**
**Prof. Ram Karan Sharma**
(Former Vice Chancellor of Varanasi&
Darbhanga Sanskrit Universities
**VICE-PRESIDENT:**
**Prof. Lallan Prasad**
(Former Prof. of Business Economics,
Delhi University) Noida
**TREASURER:**
**Dr. (Mrs.) Sushma Choudhary**
(Lecture in Sanskrit,, KNC, Uni of Delhi)

**GENERAL SECRETARY:**
**Dr. (Mrs.) Shashi Tiwari**
(Former Asso Prof. -Sanskrit,
University of Delhi),
54 Saakshara Apartments,
A-3 Paschim Vihar, New Delhi-63
011-2526-5237, 0981.069.0322
shashit_98@yahoo.com
**PUBLIC RELATIONS:**
**Mr. Y.K. Wadhwa**
(Former Business Executive, New Delhi)

**JOINT SECRETARIES:**
**Dr. Aparna Dhir,** dhir.aparna@gmail.com; **Dr. Umesh K. Singh**, umeshvedic@gmail.com

**MEMBERS on BOARD:**
**Shri Prashant Bharadwaj (**Principal Consultant, IT Vision360, Gurgaon, Haryana)
**Dr. (Mrs.) Dharma** (Former Asso. Prof. of Sanskrit, Laxmibai College, Delhi Uni.)
**Shri H. L. Kohli** (Former Director, Delhi Administration, CAD, Delhi)
**Dr. Chand Bhardwaj** (Metallurgical Industrialist, Delhi)
**Shri S.B. Gogate** (Trustee, Prakriti Foundation& Founder of Antahpragya,Noida)
**Shri Subodh Kumar** (Industrialist and Scientist, Ghaziabad, UP)
**Dr. (Mrs.) Asha Lata Pandey** (HoD, Sanskrit, Delhi Public School, Delhi)
**Prof. V. Kutumba Sastry** (Former V-C, Rashtriya Sanskrit Sansthan )
**Prof. Bhu Dev Sharma** (Former Professor, Clarks Atlanta University, Atlanta, USA)
**Dr. Ganesh Dutt Sharma** (Former Principal, LP College, Sahibabad)
**Prof. Radha Vallabh Tripathi** (FormerV-C, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Delhi)
**Dr. (Mrs.) Vedawati Vaidik** (FormerAssociate Prof., Sanskrit, SAC, Delhi University)
**Shri Vidya Sagar Verma** (Former Ambassador of India, New Delhi)


# Publications of WAVES

[Publisher: Pratibha Prakashan, 7259/20, Ajendra Market, Shakti Nagar, Delhi-7]

**1. CONTEMPORARY WORLD ORDER: A VEDIC PERSPECTIVE**
(Ancient Indian Literary Heritage-I) (Proceedings - 7th India Conference held at Pondicherry)
**Editor**: Dr. Shashi Tiwari, **Sub-Editor:** Dr. AlkaB. Bakre; **Edition**: 2009, **PRICE:** Rs.1,500/-

**2. HARAPPAN CIVILIZATION AND VEDIC CULTURE**
(Ancient Indian Literary Heritage-II) (Proceedings- 12th India Conference held at Delhi)
**Editor** : Dr. Shashi Tiwari, **Edition** : 2010 , **PRICE** : Rs.1,200/-

**3. CREATION AND EXISTENCE IN INDIAN TRADITION** (In English and Sanskrit)
(Ancient Indian Literary Heritage-III vol)(Proceedings - 13th India Conference held at Delhi)
**Editor:** Dr. Shashi Tiwari, **Edition :** 2011, **PRICE :** Rs.995/-

**4. BHARTIYA PARAMPARA ME SRISTI AVAM STHITI** (In Hindi)
(Ancient Indian Literary Heritage-IV vol)(Proceedings - 13th India Conference held at Delhi)
**Editor:** Dr. Shashi Tiwari, **Edition :** 2011,**PRICE :** Rs.1250/-